R.N.I. Rg. No. : 35394/77 E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com Web. : www.dainikvishwapariwar.com

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 197 ● वर्ष : 49 ● झाँसी : शुक्रवार 24 मई, 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 4 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

अच्छे निर्णय लेना अनुभव से आता है और अनुभव बुरे निर्णय लेने से आता है।

आर्यिका श्री 105 **पूर्णमति माता जी**











## फैक्टरी में विस्फोट से लगी भीषण आग

## 7 लोगों की मौत, 40 घायल

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में डोंबिवली के एमआईडीसी इलाके में स्थित एक फैक्टरी में बॉयलर फटने से आग लग गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है, जबकि 40 लोग घायल हुए हैं। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है।

बताया गया है कि दोपहर 1.40 बजे अमुदान कैमिकल फैक्टरी में बॉयलर फटने से विस्फोट हुआ। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बताया है कि अब तक घटनास्थल से चार शव बरामद किए गए हैं। सामंत ने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एलान किया है कि घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विस्फोट की आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के कारण आसपास की इमारतों की कांच की खिड़कियों में दरारें आ गईं और कई घर क्षतिग्रस्त भी हुए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी यासीन ताडवी का कहना है कि दोपहर करीब 1.40 बजे धमाके की आवाज सुनाई दी। उन्होंने आगे कहा कि विस्फोट के बाद आसपास की तीन फैक्टरियों में भी आग फैल गई। काफी दूर से धुंएं और आग का गुबार देखा जा सकता था।

उधर महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर जानकारी दी है कि इस मामले में आठ लोगों को निलंबित कर दिया गया है। फड़णवीस ने लिखा 'एनडीआरएफ, टीडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमों को मौके पर बुलाया गया है। राहत और बचाव का काम लगातार जारी है।

## डंपर और ऑटो की टक्कर में दो की मौत, 11 घायल

*__बांदा ( विश्व परिवार )।__ यूपी के बांदा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ। डंपर और ऑटो की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 11 लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।*

*मौरंग लदे डंपर ने सवारियों से भरे ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो के परखचे उड़ गए। इस हादसे में दो की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए हैं। हादसा बुधवार रात नरैनी थाना क्षेत्र के जमवारा गांव के पास हुआ। कोतवाली के पुंगरी गांव निवासी राजकुमार मिश्रा (70) पूरे परिवार के साथ मंगलवार को ऑटो से भगवान कामतानाथ के दर्शन करने चित्रकूट गए थे।*

*परिक्रमा और मनौती मानकर बुधवार की रात पूरा परिवार ऑटो से गांव लौट रहा था। जमवारा गांव के पास सामने से आए बालू लदे डंपर ने साइड से ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो के परखचे उड़ गए। ऑटो और डंपर पलट गया। राजकुमार मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी राजकुमारी (65), पुत्र राजेश मिश्रा (45), मनोज मिश्रा (43), मनोज की पत्नी अनीता (40), पुत्री राखी (16), पलक (7), पुत्र दीनदयाल की पत्नी सीमा (28), पुत्री स्वाती मिश्रा (12), अमन मिश्रा (7) पुत्र राजेश, देव मिश्रा (17) पुत्र सोम, रिया (6) पुत्री जयपाल व कल्पना (40) पत्नी सोनू को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया।*


*यहां से मेडिकल कॉलेज भेज दिया। हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज से अनीता, राखी, देव मिश्रा, कल्पना, सीमा को कानपुर रेफर कर दिया गया। पारिवारिक भतीजे अवनीश ने बताया सीमा की कानपुर में मौत हो गई है। कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश सैनी ने बताया कि राजकुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।*



**प्रेस काउन्सिल ऑफ इण्डिया के पूर्व सदस्य**

## श्री प्रदीप कुमार जैन पत्रकार भवन समिति के अध्यक्ष चुने गये

**झांसी ( विश्व परिवार )।** पत्रकार भवन की मातृ संस्था श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता उन्नयन समिति की साधारण सभा की बैठक आज पत्रकार भवन सभागार में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री मोहन नेपाली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गत दिवस समिति के अध्यक्ष कीर्तिशेष श्री प्रवीण कुमार जी जैन के ब्रह्मलीन होने पर नये अध्यक्ष को लेकर चर्चा हुई, जिस पर समिति के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों व साधारण सभा के सदस्यों ने सर्वसम्मति के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में एकमत होकर दैनिक विश्व परिवार के एडीटर एण्ड चीफ एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इण्डिया के पूर्व सदस्य श्री प्रदीप कुमार जी जैन को पत्रकार भवन समिति झांसी का अध्यक्ष चुना। उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया।



अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जी जैन ने सर्वप्रथम अपने पत्रकार साथियों के साथ सभागार में स्थापित अमर शहीद श्री गणेश शंकर विद्यार्थी जी एवं पत्रकार भवन के संस्थापक अध्यक्ष कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जी जैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये कहा कि पत्रकार भवन समिति आने वाले समय में पत्रकारिता के उन्नयन सहित मीडिया से जुड़े हर तबके के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करेगी। यह कार्य सिर्फ झांसी तक सीमित नहीं होगा, वरन् राष्ट्रीय स्तर पर होगा। सभी मीडिया संस्थान एवं उससे जुड़े पत्रकारों फिर चाहें, वह किसी भी प्रारूप के क्यों न हों, उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेगी। साथ ही समिति राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का विस्तार एवं प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन व कॉन्फ्रेंस भी आयोजित करेगी।

बैठक में इस अवसर पर सचिव रघुवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, कार्यवाहक उपाध्यक्ष एड. मदनलाल बबेले, कार्यकारिणी सदस्यगण अनंजय नेपाली, फारूख खान, मनमोहन मनु, साजिया खान, ओमप्रकाश दीक्षित, बसु जैन, राहुल नायक, अरूण द्विवेदी, राजकुमार अंजुम, प्रो. उदय त्रिपाठी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महामंत्री पंकज सक्सेना ने किया। अंत में प्रवक्ता हरीकृष्ण चतुर्वेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बरेली में बेचा जा रहा है कुत्तों का खून!

◆ **10 हजार है रेट- मेनका गांधी के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज**

*__बरेली ( एजेंसी )।__ चौबारी स्थित पशु-पक्षी हास्पिटल के धीरज पाठक की ओर से आलमगिरिगंज निवासी वैभल शर्मा के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम में प्राथमिकी लिखाई गई है। कोतवाली पुलिस को धीरज ने बताया कि आरोपित ने कई सारे कुत्तों को पकड़ लिया और पशु क्रूरता की। आरोप है कि ये गिरोह पांच से दस हजार में कुत्तों का खून बेचा जा रहा है। आरोप लगाया कि आरोपित कुत्तों का खून बेचने जैसे गैर कानूनी कार्य में लिप्त है। उसका एक ग्रुप है जिसमें कई सारे लोग हैं। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्राथमिकी लिखकर प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। मेनका गांधी के हस्तक्षेप के बाद बरेली की पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।*

## राहुल गांधी का एलान : पुरुषों के मुकाबले महिलाएं करती हैं दोगुना काम, हमारी सरकार बनी तो करेंगे भुगतान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महिला न्याय संवाद में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कामकाजी महिलाओं को घर आने के बाद दूसरी शिफ्ट में काम करना पड़ता है, जबकि उनके इन प्रयासों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। उन्हें अपने बच्चों की देखभाल करनी होती है, खाना बनाना होता है और दूसरे काम करने होते हैं लेकिन उन्हें इस शिफ्ट के लिए पैसे नहीं मिलते।




कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दिल्ली में गुरुवार को आयोजित महिला न्याय संवाद में कहा कि वे राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को जगह देंगे। कहा कि मैं इन जगहों पर 50 प्रतिशत महिलाओं को देखना चाहता हूं। जब तक महिलाओं को भागीदारी नहीं मिलेगी तब तक यह देश प्रगति नहीं कर सकता है। वहीं भाजपा में महिलाओं को द्वितीय श्रेणी नागरिक की तरह व्यवहार किया जाता है। आरएसएस की शाखाओं में महिलाओं को प्रवेश नहीं दिया जाता है।

महिला न्याय संवाद में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कामकाजी महिलाओं को घर आने के बाद दूसरी शिफ्ट में काम करना पड़ता है, जबकि उनके इन प्रयासों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। उन्हें अपने बच्चों की देखभाल करनी होती है, खाना बनाना होता है और दूसरे काम करने होते हैं लेकिन उन्हें इस शिफ्ट के लिए पैसे नहीं मिलते।

उन्होंने आगे कहा कि हिंदुस्तान के पुरुष आठ घंटे काम करते हैं तो महिलाएं 16 घंटे काम करती हैं। महिलाओं के ये जो आठ घंटे हैं, हमारी सरकार उसके लिए महिलाओं को पैसा देगी। हम नहीं चाहते कि आप फ्री में काम करो इसलिए हम महालक्ष्मी योजना लाए हैं। महालक्ष्मी योजना में 8,500 प्रति माह यानी एक लाख रुपये सालाना महिलाओं के बैंक अकाउंट में जाएंगे।

संबोधन के बाद राहुल गांधी ने दिल्ली मेट्रो में सफर किया और लोगों से मिले।

## योगी आदित्यनाथ : 54 दिन में 12 राज्यों में सीएम ने किया प्रचार, 270 सभाओं को किया संबोधित

**लखनऊ ( एजेंसी )।** इन लोकसभा चुनावों में सीएम योगी भाजपा के स्टार प्रचारक साबित हुए हैं। उन्होंने 54 दिन में 12 राज्यों में चुनाव प्रचार किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में बीते 54 दिन से 12 राज्यों में चुनाव प्रचार कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कुल 170 चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने 137 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड शो किए हैं। इसके अलावा काशी में नारी वंदन-कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी हिस्सा लिया। उन्होंने लोकसभा संचालन समिति की दो बैठकें भी की।

बता दें कि छठे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भी सीएम दो राज्यों में पहुंचे। वहीं जिन 12 राज्यों में उन्होंने चुनाव प्रचार किया, इनमें महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बिहार, जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व चंडीगढ़ शामिल हैं।

योगी ने यूपी में छठे चरण की सभी 14 सीटों पर प्रचार किया है। दरअसल, योगी ने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुनावी कार्यक्रम का आगाज किया था। इसके बाद से वे निरंतर चुनावी कार्यक्रम कर रहे हैं। सातवें चरण में 13 लोकसभा सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेगा। इससे पहले छठे चरण तक योगी यूपी की शेष 67 सीटों पर एक-दो बार नहीं, बल्कि कई बार चुनाव प्रचार में पहुंच चुके हैं। सातवें चरण की गोरखपुर, वाराणसी आदि में भी योगी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए हैं।

## छठे चरण का चुनाव प्रचार थमा, अंतिम दिन दलों ने झोंकी पूरी ताकत

◆ **14 सीटों पर 162 उम्मीदवार मैदान में**

**लखनऊ ( एजेंसी )।** लोकसभा के चुनाव में छठे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में प्रचार का शोरगुल गुरुवार शाम छह बजे थम गया। छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरुष और 16 महिला हैं। इस चरण में सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर व भदोही सीट के लिए 25 मई को वोट डाले जाएंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 14 सीटों में नौ सीटें भाजपा, चार बसपा और एक सपा की झोली में गई थी। आजमगढ़ में हुए उपचुनाव में भाजपा ने यह सीट सपा से छीन ली थी। वर्तमान में भाजपा दस सीटों पर काबिज है। छठे चरण में सबसे अधिक 26 उम्मीदवार प्रतापगढ़ में हैं जबकि सबसे कम छह डुमरियागंज में।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंकी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डुमरियागंज, संतकबीरनगर, अंबेडकर नगर और प्रतापगढ़ में जनसभा कर विपक्ष पर निशाना साधा। वहीं, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आजमगढ़ में जनसभा को संबोधित किया।

बसपा प्रमुख मायावती ने मीरजापुर और सपा प्रमुख अखिलेश यादव प्रतापगढ़, जौनपुर और मछलीशहर में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में सभा की। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवरिया, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आजमगढ़ में रोड शो किया।

## नई ऊंचाइयों पर बाजार : सेंसेक्स 1200 अंक चढ़ा, निफ्टी 23000 के करीब

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गुरुवार के कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स 1,196.98 (1.61 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 75,418.04 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 354.66 (1.57 प्रतिशत) अंकों की उछाल के साथ 22,967.65 पर बंद हुआ।




गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजार में शुरुआती सुस्ती बावजूद जबरदस्त उछाल आया। गुरुवार के कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स पहली बार 1,196.98 (1.61 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 75,418.04 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 354.66 (1.57 प्रतिशत) अंकों की उछाल के साथ पहली बार 22,967.65 पर बंद हुआ। इंट्राडे के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचे। सेंसेक्स 75,499.91 के नए हाई पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी पहली बार 22,993.60 पर पहुंच गया।

कारोबारी सत्र के दौरान एनएसई निफ्टी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचते हुए पहली बार 22900 का स्तर पार पहुंचा। दूसरी ओर, सेंसेक्स भी मजबूत उछाल के साथ एक बार फिर 75000 का स्तर पार कर गया। गुरुवार के कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही बेंचमार्क इंडेक्स में 1.50 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार में वीकली एक्सपायरी के दिन निजी (प्राइवेट) बैंक के शेयरों में मजबूती दिखी।

## पाकिस्तान-नेपाल तक फैला नकली करेंसी का जाल, पांच बैंक मैनेजरों पर केस दर्ज

**मेरठ ( एजेंसी )।** मेरठ में पांच बैंक मैनेजरों के खिलाफ केस दर्ज हुआ तो खुफिया विभाग सक्रिय हो गया। बताया गया कि मेरठ में नकली करेंसी का जाल बिछा हुआ है। पाकिस्तान और नेपाल से बड़े स्तर पर यहां नकली करेंसी पहुंचाई जा रही है।

मेरठ जिले में नकली करेंसी का जाल बिछा है। मेरठ से करोड़ों रुपये के नकली करेंसी भारतीय रिजर्व बैंक में जमा कराई जा रही है। पांच बैंक मैनेजरों पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद खुफिया विभाग भी सक्रिय हो गया है।

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते नकली करेंसी पश्चिमी यूपी में पहुंचाई जा रही है। इसे मेरठ में बड़े स्तर पर खपाया जा रहा है। गिरोह की सेटिंग शहर के बड़े बैंकों में भी है। पहले भी कई लोग नकली नोटों के साथ पकड़े जा चुके हैं। उनके तार भी पाकिस्तान से जुड़े थे।

एक नवंबर 2022 को टीपीनगर पुलिस ने आरोपी सुनील को दबोचा था। इसके पास से करीब दो लाख के नकली नोट, प्रिंटर और नोट बनाने वाली सामग्री बरामद की गई थी।

उससे पूछताछ के बाद बड़ा खुलासा हुआ था। पुलिस ने दावा किया था कि नकली नोट बनाने वाले देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

## यूपी में गुंडे बदमाशों के हौसले पूरी तरह पस्त

**आजमगढ़ ( एजेंसी )।** आजमगढ़ जिले के लालगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब उत्सव प्रदेश बन गया है। योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में गुंडे बदमाशों के हौसले पस्त हो गए हैं।

मैं पूरे देश में भ्रमण करने के बाद और सार्वजनिक जनसभाओं को संबोधित करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि मोदी की 400 पार की सरकार बनानी है। जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो उत्तर प्रदेश अब उत्सव प्रदेश बन गया है। योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश की सरकार चलाई है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। यहां पर गुंडे बदमाशों के हौसले पूरी तरह से पस्त हो चुके हैं। किसी गुंडे बदमाश की हिम्मत नहीं है कि अपने सीने की बटन खोलकर उत्तर प्रदेश की सड़कों पर चल सके। उक्त बातें गुरुवार को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र के मेहियापार में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यदि हम भारत की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं तो उसमें सबसे अधिक योगदान उत्तर प्रदेश का होने जा रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में मैं जो माहौल देख रहा हूं, उससे मेरा विश्वास पक्का हो गया है कि पंजा आपका साथ छोड़ चुका है, साइकिल की चैन उतर चुकी है और हाथी पस्त हो चुका है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सात नक्सली ढेर

**बीजापुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-बीजापुर अंतर-जिला सीमा के पास गुरुवार को जंगलों में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गए। जिले के नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों की नक्सलियों से भीषण मुठभेड़ हुई थी। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि मुठभेड़ सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई। जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी तो उसी वक्त वहां रुक-रुक कर गोलीबारी होने लगी। एसपी प्रभात कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि गोलीबारी में अब तक माओवादी वर्दी धारी सात नक्सली मारे गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केशव बने सचिव

बांदा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केशव पाल को पार्टी का जिला कांग्रेस कमेटी ने सचिव नियुक्त किया है। श्रीपाल के सचिव बनाये जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### मंदिर में देखभाल करने वाले युवक को गांव के दबंग ने पीटा

बांदा। गांव के दबंग ने एक व्यक्ति को जलते चूल्हे की लकड़ी से वार कर दिया जिससे हाथ, कनपटी जल गया। पुलिस ने व्यक्ति स्वस्थय केंद्र में भर्ती कराकर मेडिकल कराया है। करतल क्षेत्र बड़ैछा गांव निवासी जुगुल किशोर गांव के मरही दाई के मंदिर में देखभाल करता है बुधवार की रात गांव का दबंग शराब के नशे रमाकांत आया कहा मेरे लिए भी चूल्हे से रोटी बनाओ मना करने पर दबंग ने जलते चूल्हे की लकड़ी से जुगुल किशोर के ऊपर हमला कर दिया जिससे वह कनपटी, हाथो में जल गया। पुलिस ने पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा मेडिकल परीक्षण कराया है।

### हैण्डपम्प ठीक कराने की डीएम से की मांग

बांदा। भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए दर दर भटक रहे है गांव के लोगो ने कई बार सचिव , प्रधान से शिकायत किया लेकिन नही ठीक कराया गया। विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौर के मजरा देवा का पुरवा टावर के पास लगा हैंडपंप पिछले एक माह से खराब पड़ा है। गांव के छोटा, नरेश, कुसुमा, लवलेश, पप्पू, छोटेलाल, सहित आदि लोगो ने बताया है कि प्रधान, सचिव से कई बार हैंडपंप ठीक कराने को कहा गया लेकिन अभी तक नही बनवाया गया। जबकि हैंडपंप दुरुस्त करने के नाम पर फर्जी भुगतान भी कर लिया गया है। गांव वालो ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

### बाइक चोरी को लेकर पुलिस के लगाता रहा चक्कर, न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

बांदा। थाना पुलिस द्वारा पीड़ित की बाइक चोरी हो जाने पर रिपोर्ट न लिखे जाने पर कोर्ट के आदेश पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिसंडा कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी गोविंदा ने दिए तहरीर पर बताया कि पिछले वर्ष 17 जुलाई की रात को उसके घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोरी कर ले गए थे, जिस पर घटना के अगले ही दिन थाना बिसंडा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए शिकायती पत्र दिया, लेकिन थाने में कोई भी सुनवाई न होने पर उसने कोर्ट की शरण लिया। कोर्ट के आदेश पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### त्वरित न्याय अधिनियम लागू होंगे पहली जुलाई से

बांदा। पहली जुलाई से त्वरित न्याय द्वारा नए अधिनियम लागू होंगे। इनमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 शामिल हैं। नए अधिनियमों के संबंध में चर्चा भी की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि नए अधिनियमों को लेकर जनपद न्यायाधीश डा. बब्बू सारंग, अपर जिला जज प्रथम चंद्रपाल द्वितीय, अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता के बीच चर्चा की गई। बताया गया कि 28 व 29 मई को सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। नए अधिनियमों के बारे में यदि कोई भी व्यक्ति जानकारी लेना चाहता है तो वह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन, दीवानी न्यायालय परिसर में पहुंचकर प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही लैंडलाइन नंबर 05192-220144 के साथ मोबाइल नंबर 9532946541, 9452985392 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### कई नई खूबियों के साथ बजाज न्यू पल्सर एन-160 की की गई लॉन्चिंग

उन्नाव। बजाज ऑटो लिमिटेड के अधिकृत डीलर चतुभुज मोटर्स ने कई नई खूबियों के साथ बजाज की न्यू पल्सर एन-160 त्र (स्ष्ठ) अपग्रेड मॉडल की लॉन्चिंग मुख्य अतिथि नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक युवा भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने की द्य द्विवेदी ने बताया की वर्षों से युवाओं व आम जनमानस की पहली पसंद बजाज मोटर्स के दो पहिया वाहनों की रही है ग्राहकों की पसंद के मद्देनजर समय-समय पर बजाज मोटर्स ने दो पहिया वाहनों में नए बदलाव व आकर्षक मॉडल लाने का प्रयास किया जाता रहा है द्य उसी क्रम में आज युवाओं की खास पसंद पल्सर को नई खूबियों के साथ न्यू पल्सर एन-160 त्र( स्ष्ठ) अपग्रेड मॉडल की लांचिंग की गई है । चतुभुज मोटर्स के एचडी अर्पित सिंगल व बजाज ऑटो लिमिटेड के एरिया सेल्स मैनेजर वैभव द्विवेदी ने न्यू पल्सर की खूबियां बताते हुए कहा की न्यू पल्सर 160 त्र ( स्ष्ठ) अपग्रेड मॉडल में पहली बार फ्रंट सस्पेंशन सड़क पर सर्वोत्तम स्थिरता/ सुरक्षा के 400 सीसी और उससे अधिक एमसी में उपलब्ध है द्य समग्र अपग्रेड फीचर्स जैसे ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, मानचित्र नेविगेशन और मल्टी हाई रोड की उपस्थिति के लिए बोर्ड ग्राफिक्स जैसी सुविधाओं के साथ पेश की गई है।

उक्त मॉडल शोरूम में उपलब्ध, लॉन्चिंग के समय टेस्ट ड्राइव के लिए युवाओं की भीड़ लगी रही। लॉन्चिंग अवसर पर बजाज ऑटो के एरिया सर्विस मैनेजर सूरज शर्मा, अभय द्विवेदी, शुभम सिंह, संकल्प नाथ, बृजेंद्र सिंह,मनीष मिश्रा हरि नाम सिंह, अभी तिवारी, सुरेश सेंगर,मनीष अवस्थी सहित आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

### चकाडोरी धाम पर श्री राम महायज्ञ की आज निकलेगी शोभायात्रा

गुरसराय। सिद्ध आश्रम चका डोरी धाम पर श्री राम महायज्ञ की शोभायात्रा आज 24 मई को निकाली जाएगी ।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजन चकाडोरी धाम के महंत राकेश दास महाराज ने बताया कि 24 मई से 31 मई तक चलने वाले श्री राम महायज्ञ में अयोध्या के यज्ञाचार्य आचार्य ज्ञानेंद्र जी महाराज यज्ञ के मुख्य आचार्य होंगे। वहीं संगीत मई श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 24 में से 30 मई तक किया जाएगा जिसमें मलूक पीठ वृंदावन के भागवताचार्य संत दीनबंधु दास जी महाराज भागवत का वाचन करेंगे ।वहीं श्री रामचरितमानस के प्रकाण्ड प्रवक्ता अयोध्या के मानस व्यास रामशरण दास व्यास जी महाराज के प्रवचन होंगे। रात्रि 8:00 बजे से रामलीला का मंचन किया जाएगा ,जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। शोभायात्रा आज 24 में को भव्यता के साथ निकाली जाएगी ,जिसमें क्षेत्र से हजारों श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

### हनुमानजी मंदिर पर हुआ भव्य भण्डारा

गुरसराय । श्री बड़े हनुमान मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ के 6 माह पूर्ण होने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।मंदिर के पुजारी परमार्थ स्वरूप महाराज के निर्देशन में 22 नवंबर 2023 को अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया था जो हरि इच्छा तक चलेगा। अखंड रामायण पाठ के 6 माह पूर्ण होने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।विशाल भंडारे एवं अखंड रामायण पाठ में सहयोग करने वाले प्रकाश यादव, राम प्रताप पाठक, सुंदर पांचाल, सतीश घोष ,अमर सिंह फौजी, कैलाश घोष ,धीरज पटेल, कैलाश पिपरैया ,रमाकांत त्रिपाठी, आत्माराम तिवारी, कुंदन विश्वकर्मा ,जैतराम पाल दादी, शंकर पटेल, भगवान सिंह एडवोकेट ,हरनारायण ककैया अमित मिश्रा ,अनिल मिश्रा, चंद्रशेखर खरे ,राजकुमार नापित, रमेश गुप्ता ,दिनेश अड़जरिया, चंदन सिंह, हरनारायण यादव, प्रमोद घोष ,चंद्रभान पटेल, आत्माराम, संतोष सोनी आदि सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भंडारे में सहयोग किया।

# नवीन गल्ला मण्डी में है अव्यवस्थाओं का बोलबाला



महोबा। नवीन गल्ला मंडी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र से उपज लेकर आने वाले किसानों के लिए बनाए गए टिनशेड पर आढ़तियों ने कब्जा कर लिया है, जिससे उपज लेकर आने वाले किसान भीषण गर्मी में विभिन्न परेशानियों से जूझ रहे है। केन्द्र में किसानों के लिए पानी की भी कोई खास व्यवस्था तक नहीं है। विभिन्न परेशानियों के बीच किसान अपनी उपज बेंचने को मजबूर है। चरखारी बाईपास में स्थित नवीन गल्ला मंडी में किसानों के लिए बनाए गए छायादान पर आढ़तियों ने लंबे समय से कब्जा किया हुआ है। आढ़तियों के द्वारा दुकानों के साथ गोदाम और बरामदा में कब्जा किया गया है। आढ़तियों की मनमानी से कई बार उपज लेकर आने वाले किसानों की उपज भींग जाती है। किसान राजाराम, किशोरी प्रसाद, गंगादीन, जागेश्वर आदि का कहना है कि गल्ला मंडी में किसानों के लिए बनाए गए टिन शेड पर आढ़तियों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। गल्ला मंडी में पानी की कोई भी व्यवस्था न होने के कारण दुकानों से पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। भीषण गर्मी में किसान तेज धूप में उपज की तौल कराने में पसीना-पसीना हो रहे है। मंडी में लगा वाटर कूलर खराब पड़ा है। उपज से संसाधनों के लिए पैसा की कटौती के बाद सुविधाएं नहीं दी जा रही है। साथ ही यहां सफाई व्यवस्था का भी बुरा हाल है। इस मामले में प्रभारी मंडी सचिव रवि कुमार का कहना है कि समय-समय पर आढ़तियों को नोटिस जारी कर किसानों के टिनशेड खाली करने के निर्देश दिए गये है। शीघ्र ही किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा जायेगा।

## जीआरपी आपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्त को न्यायालय द्वारा करायी गयी सजा

बांदा। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी नईम खां मन्सूरी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री/सम्बन्धित विवेचकगण थाना जीआरपी द्वारा की गयी गुणवत्तापूर्ण विवेचना/पैरवी के साथ ही अभियोजन अधिकारी वीरेन्द्र त्रिवेदी रेलवे अनुभाग झांसी के द्वारा किये जा रहे सघन अभियोजन कार्य के फलस्वरूप न्यायालय ए0सी0जे0एम0 रेलवे सुचेता चौरसिया के द्वारा थाना जीआरपी बांदा पुलिस टीम द्वारा प्रभारी पैरवी कर थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-32/97, वाद सं0-1022/24 धारा 401 आपीसी में सम्बन्धित अभियुक्त नन्दराम पुत्र गरीब दास निवासी सब्जी मण्डी थाना कोतवाली नगर को उपरोक्त मुकदमे में जेल में बितायी गयी अवधि व 2000 रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया तथा जुर्माना न अदा करने पर 15 दिवस का अतिरिक्त करावास का दण्ड भुगतना होगा। प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री थाना जीआरपी द्वारा बताया गया कि ऐसी सजा से अपराधियों का मनोबल गिरता है और जिससे अपराधी एक अच्छे समाज के निर्माण में भागीदारी अपना सके।

# डायरिया और बुखार के पीडितों से अस्पताल फुल

**जबरस्त भीड़ से अस्पताल में अव्यवस्था का आलम**

बांदा। गर्मी के मौसम में डायरिया और बुखार पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सुबह अस्पताल खुलने से लेकर बंद होने तक मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। डायरिया और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढने् की वजह से अस्पताल में भीड़ नजर आ रही है। डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी मरीजों का हर संभव उपचार कर रहे हैं। बेड न मिलने की वजह से मरीज परेशान नजर आ रहे हैं। सीएमएस का कहना है कि एकबारगी मरीज बढ़ जाएंगे तो कुछ अव्यवस्था संभव है।

इन दिनों बुखार और डायरिया के मरीज बढ़े हैं। सुबह अस्पताल खुलने के बाद मरीज अपना उपचार ओपीडी में करा रहे हैं। इसके साथ ही इमरजेंसी में भी मरीजों की भीड़ कम नहीं हो रही है। ज्यादातर मरीज डायरिया और मौसमी बीमारियों से पीड़ित होने के कारण अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मचारी और चिकित्सक हलाकान नजर आ रहे हैं। ड्यूटी पर तैनात रहे चिकित्सक डा. विनीत सचान ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी मरीजों को रेफर कर दिया जा रहा है। इन मरीजों के भी जिला अस्पताल आ जाने के कारण भीड़ और बढ़ रही है। अगर इन मरीजों का स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार हो या फिर इन्हें मेडिकल कालेज भेज दिया जाए तो काफी हद तक मरीजों के बोझ से राहत मिल सकती है। लेकिन अफसोस की बात है कि मरीज जिला अस्पताल ही भेजे जा रहे हैं। चिकित्सक ने कहा कि मरीज अस्पताल आए हैं तो उनका उपचार किया ही जाएगा। रही बात बेड की तो जो व्यवस्थाएं हैं, उसी के हिसाब से काम किया जा रहा है। इधर, सीएमस डा. आरके गुप्ता का कहना है कि जबरदस्त गर्मी में डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो जाने की वजह से यह अव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि बेड फुल होने के बाद अन्य इंतजाम भी किए गए हैं। सभी मरीजो को उपचार उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## विवाहित ने जहर खाकर की खुदकुशी

बांदा। घरेलू विवाद पर पति के तमाचा जड़ने से नाराज पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। ससुराल पक्ष और मायके पक्ष की सहमत पर विना पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम सस्कार कर दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के बछेही गांव निवासी 38 वर्षीय राजापति पत्नी महेश ने बुधवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के पति ने बताया कि बुधवार की रात घरेलू बात पर पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी ने उसे अपशब्द कर दिया। इसी बात पर पति महेश ने पत्नी राजापति को दो तमाचे जड़ दिया। पत्नी नाराज हो कर कमरे में चली गई। उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने के बाद पता चला। जब तक उसे अस्पताल लेकर आए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के पिता मथुरा निवासी तिंदवारा ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी 15 वर्ष पहले की थी। उसके तीन पुत्र है। ससुराली जनो ने पुलिसिया कार्रवाई से बचने के लिए बगैर पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# स्टेट थ्रो बॉल प्रतियोगिता में आरबीपीएस स्टूडेंट्स छाए



महोबा। जिले के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल के छात्र छात्रायें पढाई के साथ खेलों में भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में महोबा के राजकीय वीरभूमि महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में आरबीपीएस के छात्र छात्राओं का दबदबा रहा। जिले की टीम से प्रतिभाग करने वाले आरबीपीएस के 10 छात्रों का और विद्यालय की 9 छात्राओ का चयन नेशनल चौम्पियनशिप में खेलने के लिए हुआ है। 29 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रो बॉल प्रतियोगिता पंजाब के पटियाला शहर में 28 मई से 30 मई को होने जा रही है। इस नेशनल चौम्पियनशिप के लिए चयनित हुए 10 बालकों में दीपराज, आदित्य राजपूत, अथर्व निरंजन, सिद्धांत शक्ति, औनिक अग्रवाल, रेहान खान, हसन खान, फरहान खान, रेवेंत आर्या व शरद गुप्ता बालक वर्ग में अपनी प्रादेशिक टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं दूसरी ओर बालिका वर्ग में आरबीपीएस की 9 छात्राएं दिशा द्विवेदी, नंदिनी तिवारी, अंशिका पटेल, आस्था सोनी, खुशी गुप्ता, अनुष्का नामदेव, अक्षरा सोनी, आफरीन खातून व कृतिका अग्रवाल राष्ट्रीय स्तर पर अपना दमखम दिखाएंगी। नेशनल चौम्पियनशिप के लिए एक साथ इतने सारे छात्र छात्राओं के चयन से कोच मो. अरशद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि खिलाड़ियों में उत्साह की कोई कमी नहीं है। विद्यालय के प्रिंसिपल अमित कुमार अग्रवाल ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व लगन को दिया है। उनके अनुसार विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर अपने माता पिता, शिक्षकों व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



महोबा। पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला द्वारा उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रकाश, मो. कलीम उस्मानी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने छेड़खानी के सम्बन्ध में धारा 342, 354 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित आरोपी दीपू सिंह पुत्र फूल सिंह 37 वर्ष निवासी ग्राम पुपवारा थाना खरेला को अमर निर्मल पैलेस कस्बा व थाना खरेला के पास से गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# अपर जिला जज पहुंचे मण्डल कारागार, किया निरीक्षण

बांदा। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला जज व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा डा. बब्बू सारंग के निर्देशन में श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मण्डल कारागार, बांदा का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम कारागार निरीक्षण में महिला बैरकों का निरीक्षण किया गया। सभी महिला बन्दियों से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाने तथा अन्य विधिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बंध में जानकारी ली गयी। सचिव द्वारा बन्दियों को समयपूर्व रिहाई हेतु पात्र बन्दियों एवं ऐसे बन्दी जोकि आर्थिक रुप से कमजोर है एवं जमानत दाखिल करने में असमर्थ है, उनसे प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा में प्रेषित करने हेतु कहा गया, जिससे कि सर्वाच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सकें। महिला बन्दियों से खान-पान व स्वास्थ्य के सम्बन्ध में पूंछे जाने पर बन्दियों द्वारा सन्तोषजनक उत्तर दिया गया। सचिव महिला बैरकों के निरीक्षण में पाया कि सभी बैरकों में गर्मी से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में कूलर व सीलिंग फैन लगे हुए हैं जो कि चालू हालत में हैं। महिला बन्दियों के लिए पीने हेतु वाटर कूलिंग मशीन भी लगी हुई हैं जिससे कि महिला बन्दियों को ढण्डा पानी पीने हेतु प्राप्त हो रहा हैं। सचिव महोदय द्वारा बन्दियों को जानकारी प्रदान की गयी कि ऐसे बन्दी जिनकी जमानत सक्षम न्यायालय द्वारा प्रदान की जा चुकी है किन्तु उनके पास जमानती उपलब्ध न होने के कारण वे कारागार में अभी तक निरुद्ध है, वे विधिक सहायता हेतु अपना आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा में प्रस्तुत कर सकती है। निरीक्षण के समय जेलर मनीष कुमार, उप जेलर अरबिन्द कुमार, उबैद अहमद एवं राशिद अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा मौजूद रहें।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने किया भंडारे का आयोजन



उन्नाव । दिनांक 23 5.2024 को ग्राम पंचायत शेखपुरा नरी मजरा हिमाचल खेड़ा में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस साल भी भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही साथ रात्रि में उत्तर भारत कानपुर के मशहूर कलाकारों के द्वारा धनुष यज्ञ का कार्यक्रम भी भक्तों द्वारा कराया जाएगा । मंदिर प्रांगण में आयोजित भंडारे में 40 50 भक्तों का बराबर आवागमन दिन भर बना रहा द्य चर्चा हो रही थी की रात्रि में भी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्त एवं आम जनमानस रामलीला के मंचन का आनंद लेंगे।

# प्रेमी जोड़े ने मंदिर में की धूमधाम से शादी

**दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई खुशी**



बांदा। बबेरू कोतवाली पर स्थित सबरी माता मंदिर पर भागे हुए प्रेमी जोड़े की दोनों पक्ष के परिजनों के मौजूदगी में शादी कराई गई। मिली जानकारी के अनुसार लड़का लड़की दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे और दोनों भाग गए थे, जिसमें परिजनों की सहमति से लड़का लड़की एक दूसरे को माला पहनकर मुंह मीठा कराकर एक दूसरे के हो गए।

बता दें कि बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उमरहनी गांव निवासी 18 वर्षीय युवती गुड़िया देवी पुत्री लवकुश का अपने रिश्तेदार रिशु पुत्र रामबहोरी उम्र 19 वर्ष निवासी शिव गांव थाना बिसंडा के साथ काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, और बीते मंगलवार को दोनों अपने परिजनों को बिना बताए भाग गए थे, तभी युवती के पिता ने बबेरू कोतवाली पर युवती के गुमशुदा होने की सूचना दर्ज कराई थी और पुलिस युवती की तलाश में जुटी हुई थी जिसके बाद आज पुलिस ने युवती को उसके प्रेमी के साथ बरामद कर लिया है और परिजनों को सुपुर्द कर दिया, वहीं युवती अपने प्रेमी के साथ शादी करने के लिए जिद कर रही थी, तभी दोनों पक्षों के परिजनों के द्वारा आपसी सहमति बनाकर दोनों की कोतवाली पर स्थित शबरी माता मंदिर में जय माल डलवाकर व मुंह मीठा करा कर धूमधाम से शादी करा दी गई और परिजन व रिश्तेदारों के द्वारा दोनों को आशीर्वाद देकर खुशी खुशी युवती को ससुराल भेज दिया गया।

# महिला के साथ हुई लूट में दोनों शातिर लुटेरे गिरफ्तार



नवाबगंज/उन्नाव। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव ककरहा पथरहा निवासिनी श्यामा बेटी की शादी को लेकर तैयारियों के चलते बैंक से पचास हजार रुपए निकालकर घर जा रही थी दतौली गांव के पास दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने मंगलवार को लूट की घटना को अंजाम दे दिया मौके पर सोहरामऊ एस ओ सी ओ हसनगंज अपर पुलिस अधीक्षक एस ओ दही व सर्विलांस टीम ने घटनास्थल की निरीक्षण किया वादिनि श्यामा की तहरीर पर सोहरामऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की सोहरामऊ असोहा मार्ग पर लगे सभी सी सी टी वी फुटेज खंघाले जिसमे बाईक सवार लुटेरों का क्लू मिला दोनो शातिर लुटेरों को सर्विलांस टीम और सोहरामऊ पुलिस की टीम ने दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार सोहरामऊ थाना क्षेत्र में बीते मंगलवार को एस बी आई बैंक सोहरामऊ से पैसे निकालकर अधेड़ महिला श्यामा पत्नी श्यामलाल अपने पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ककरहा पथरहा के साथ साइकिल से घर वापस जा रही थी। सोहरामऊ असोहा मार्ग पर दतौली के पहुंचे थे इसी दौरान पीछे बाइक सवार दो लुटेरों ने थैले में रखे पचार हजार रुपये लूटकर भाग निकले।घटना के बाद मां बेटे डर सहम गए और उन्होंने इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी।कुछ देर बाद इसकी सूचना सोहरामऊ थाना पुलिस को मिली सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कमल दुबे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल की और उच्चाधिकारियों को सूचना दी जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र और सी ओ हसनगंज सर्विलांस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था।पीड़िता श्यामा ने बताया कि उनकी बेटी गीता की आगामी चार जुलाई को शादी है जिसको लेकर तैयारी के चलते उसने पैसे निकाले थे।वादिनि श्यामा की तहरीर पर सोहरामऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी जिसमे सोहरामऊ पुलिस और सर्विलांस टीम ने सोहरामऊ असोहा मार्ग पर लगे सभी सी सी टी वी खंघालना शुरू किया जिसमे उक्त लुटेरों की आमद दर्ज मिली।जिसके बाद दोनो अभियुक्तों सचिन नायर पुत्र रविंद्रनाथ उम्र 38 वर्ष निवासी 10 राणाप्रताप मार्ग मल्लापुर हाथा थाना हजरतगंज लखनऊ हाल पता एल 9/387 हंसखेड़ा थाना पारा लखनऊ,मुकेश सोनकर पुत्र स्व0 बिंदादीन उम्र 51वर्ष निवासी 5/95 रविदासनगर वजीरहसन रोड थाना हजरतगंज लखनऊ को संयुक्त टीम ने रसूलपुर मोड़ के पास से लूट में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाईक एक मोबाइल कीपैड और वादिनि से लूट गए 25700 रुपए समेत दबोच लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एस ओ सोहरामऊ कमल किशोर दुबे एस आई मो0 असलम एस आई सुरेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल चंद्रमौली दुबे,नीरज व रोहतास सविलांस टीम से निरीक्षक शरद कुमार हेड कांस्टेबल आशीष मिश्रा,सतेंद्र कुमार,सुनील कुमार,राधेश्याम कांस्टेबल गौरव कुमार,रवि कुमार शामिल रहे।

एस ओ सोहरामऊ कमल किशोर दुबे ने बताया सचिन नायर पर लखनऊ बाराबंकी रायबरेली उन्नाव बहराइच में कुल दो दर्जन मामले दर्ज हैं मुकेश सोनकर पर रायबरेली,बाराबंकी,बहराइच,उन्नाव,लखनऊ में बीस मामले दर्ज हैं।दोनो अभियुक्त शातिर किस्म के लुटेरे हैं बैंको की रेकी कर कमजोर व बुजुर्ग लोगो से सूनसान जगह देख लूट व छिनैती करते हैं।दोनो अभियुक्तों को माल बरामदगी के आधार पर 392/411 आई पी सी में न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनो अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

# असहाय गौवंश की सहायता के लिए आगे आये लोग



गुरसराय (झांसी)। नगर में सड़क पर सैकड़ो की संख्या में भूखे प्यासे भटक रहे गोवंशो की मदद के लिए आमली गांव के समाजसेवी राहुल नायक एवं छोटू तिवारी सहित अन्य लोग मदद के लिए आगे आये । उन्होंने नगर मैं भूखे प्यासे भटक रहे जानवरों सहित गरीब इंसानों की भी मदद की,और मडोरी स्थित वृद्ध आश्रम में बृद्ध लोगो एवं आदिबासी बहलिआ समाज के लोगों को को खान-पान की सामग्री वितरित की! कड़ी धूप में गायों को चारा देकर एवं पानी पिलाकर लोगों से यह अपील की, अभी गर्मी का मौसम चल रहा है ऐसे में सड़क पर भूखे प्यासे गोवंश भटक रहे हैं जिन्हें सिर्फ हमारी ही उम्मीद रहती है अगर हम इनका सहयोग नहीं कर पाएंगे तो समाज में इंसानियत का नाम और निशान खत्म होता जाएगा! इसलिए हो सके तो इस मुहिम में आगे आकर परोपकार जरूर करें।

इस मौके पर ईश्वरचंद्र रायकबार, जितेन्द्र सिंह, भगबत कुशबाहा, अरुण चौधरी, अजय बर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे!

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में हुई प्रथम बैठक

उरई/जालौन।राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वादों को निस्तारण हो सके इसलिए राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाए यह बात परिवार न्यायालय के प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश मनोज कुमार गौतम ने बैठक को संबोधित करते हुए कही ।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश पर बुधवार को परिवार न्यायालय के न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में राष्ट्रीय लोक अदालत समिति की अध्यक्षा अमृता शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रथम बैठक में विचार विमर्श किया गया! बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम ने कहा कि प्री लिटिगेशन के वादों का अधिक से अधिक सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराए जाएं राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाए वही परिवार कल्याण विशेषज्ञ प्रियंका द्विवेदी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वादकारियों को निशुल्क अधिवक्ता दिए जा सकते हैं! उनके द्वारा 200 मुकदमों को चिन्हित किया गया है! और अधिक से अधिक वादों को समझौते के लिए निस्तारण कराने का प्रयास किया जा रहा है! परामर्शदाता के के प्रजापति ने कहा कि वह 200 मुकदमों को चिन्हित कर सुलह समझौता करने का प्रयास करेंगे वही सदर मुंसरिम राजीव खरे विनोद प्रकाश व्यास सुलेखा सिंह प्री लिटिगेशन सदस्य व मध्यस्थता मेडिएशन सेंटर के लोग बैठक में मौजूद रहे।

### बुद्ध पूर्णिमा मैत्री बुद्ध विहार बघौरा में मनाई गई

उरई/जालौन। बुद्ध पूर्णिमा गुरुवार कों मैत्री बुद्ध विहार बघौरा उरई में त्रियपावनी बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन किया गया।जिसमें बहुजन नायक जन्मोत्सव संयुक्त समिति द्वारा खीर दान की व्यवस्था की गई जो अंबेडकर चौराहा, शांति नगर चुंगी पर भी खीरदान की गई। साथ ही कई स्थानों पर शरबत वितरण की व्यवस्था बुद्ध के उपासकों ने की। मैत्री बुद्ध विहार बघौरा में पूज्य भिखु ज्ञान ज्योति ने बुद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध बंदना कराकर कार्यक्रम प्रारंभ किया। रामाधीन बाबू बौद्धाचार्य ने धर्म देशना के माध्यम से समाज को बुद्ध के मार्ग पर चलने और श्रेष्ठ जीवन जीने के बुद्ध के उपदेश बताए। पंचशील त्रियशरण वीरेंद्र प्रताप सिंह ने करवाया। पंचशील त्रियशरण वीरेंद्र प्रताप सिंह ने करवाया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग रामअवतार सिंह गौतम,राजेंद्र सिंह ,कृष्ण गोपाल खंगार,भारत सिंह यादव,पुनीत भारती,प्रमोद वर्मा,सुधाकर राव,डॉ0अमित कुमार, संत कुमार,श्रद्धानंद वर्मा, राजकुमार गौतम,बब्बू राजा, अवधेश गौतम, देवेंद्र जाटव,शशिकांत प्रभाकर,गजेंद्र सिंह गौतम, बलवंत राय, कैलाश सिंह,अरविंद खाबरी,शैलेंद्र कुमार सहित सैकड़ो उपासकों ने बुद्ध वचनो से अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने का पाठ सीखा साथ ही अंबेडकर चौराहा पर प्रभारी पुनीत भारती और साथियों द्वारा खीर दान कार्यक्रम कराया गया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर टीम बदलाव व रैपिड एक्शन टीम के द्वारा किया गया शरबत का वितरण

उरई/जालौन। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर टीम बदलाव व रैपिड एक्शन टीम के तत्वाधान के द्वारा गुरुवार कों भगत सिंह चौराहा व झलकारी बाई पार्क कोंच बस स्टैंड के पास सुबह से दोपहर तक शरबत का वितरण किया गया। लोगों ने शरबत पीकर प्यास बुझाई साथ ही गर्मी से राहत महसूस की। गुरूवार को भगत सिंह चौराहा व झलकारी बाई पार्क कोंच बस स्टैंड के पास पर शरबत का वितरण किया गया। रविंद्र चौधरी ने बताया इतनी तेज गर्मी में रहगीरो द्वारा शरबत पीकर राहत महसूस की। इसके बाद बुद्ध बिहार जाकर बौद्ध

भिक्षुओं कों फल-दान किया गया। इस दौरान प्रेम कुमार आनन्द,अतुल अहिरवार,महेंद्र भाटिया,प्रवेश निरंजन,आलोक निरंजन,अलीम सर,पूर्व मंत्री नारायण दास अहिरवार,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी,संजय गौतम,राम औतार गौतम,शैलेन्द्र शिरोमणि,मनोज राजा, अजय श्रीवास्तव,शांति स्वरूप महेश्वरी नितिन ज्ञागिक,पुनीत भारती,भूपेंद्र दोहरे,रामप्रकाश, प्रमोद वर्मा,श्रद्धानन्द सिंह,डॉ धर्मेन्द्र वर्मा,सुधाकर राव गौतम,मनोज अहिरवार, अमर सिंह, देवेंद्र जाटव,जीतेन्द्र वर्मा, प्रवीण वर्मा,बृजमोहन वर्मा,रविंद्र चौधरी,प्रदीप महतवानी, रविंद्र गौतम,शैलेन्द्र प्रताप सिंह ज्ञागिक,रंजीत चौधरी,राहुल गौतम,मुन्नेश कुमार,राजकुमार दोहरे,रणजीत सिंह ,प्रदीप वर्मा,ब्रजेन्द्र वर्मा, कृष्णकांत वर्मा, हरिमोहन वर्मा,शैलेन्द्र वर्मा, सुन्दर सिंह,पवन वर्मा,अनिल वर्मा,देवेंद्र वर्मा, समेत आदि उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन ने भाई की बाइक में मारी टक्कर

जालौन। अपनी बहन के साथ गैस सिलेंडर भरवाने आए भाई और बहन को अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर।

परबई निवासी रामू पुत्र पन्नालाल अपनी बहन रजनी के साथ गांव से जालौन गैस सिलेंडर भरवाने के लिए आ रहें थे , बंगरा रोड नवीन गल्ला मंडी के सामने पीछे से तेज गति से आ रहि एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनको पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए । राहगीरों की मदद से दोनो लोगो को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

### विभिन्न मामलों में पत्नियों की शिकायत पर पतियों का हुआ शान्ति भंग में चालान

जालौन। टूटते परिवारों व बिखरते समाज के कारण उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों के दुष्परिणाम एक बार पुनः परिवारों को अराजकता की ओर धकेल रहे हैं।विभिन्न मामलों में पत्नियों की शिकायत पर पुलिस ने शांति भंग की कार्यवाही की है।

राजू पुत्र कमलपाल निवासी ग़ायर तथा आलिम पुत्र जब्बार निवासी हिरदेशाह व सुनील कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी नरोभास्कार आए दिन अपनी पत्नियों के साथ गाली गलौज व मारपीट करते थे जिनकी शिकायत पर पुलिस ने तीनों को पकड़ कर शांति भंग की कार्यवाही की है। शिवकुमारी पत्नी धर्मेंद्र निवासी उरगांव ने भी मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है।

### गुंडा टैक्स नही दिए जाने पर व फर्जी मुकदमे में फँसाये जाने की शिकायत पीड़ित व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से की

जालौन । गुंडा टैक्स नहीं दिए जाने पर और अवैध वसूली न होने पर फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने की शिकायत पीड़ित व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से की। मोहल्ला चुरखी बाल निवासी शिवम गुप्ता पुत्र सतीश चंद्र ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक शिकायती पत्र भेजकर मांग की है कि वह एक दुकानदार हैं कुछ पहले एक महिला द्वारा न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था जिसमें मेरे अलावा चार और अन्य लोगों के नाम शामिल थे इसको संज्ञान में लेकर माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने उसमें तलबी आदेश पारित किया था ,तथा उस तलबी आदेश के खिलाफ पीड़ित ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी जिसको सुनकर उच्च न्यायालय ने पीड़ित के पक्ष में स्थगन आदेश जारी किया था। जिससे उक्त महिला तथा उसके कुछ साथी मायूस हो गए थे और बौखला गए थे क्योंकि उक्त लोग पीड़ित से मनमाना धन ऐंठना चाह रहे थे । पीड़ित ने मुख्यमंत्री से यह भी गुहार लगाई है कि उक्त लोगों को धन न दिए जाने पर मुझे बराबर धमकी दी जा रही है कि किसी फर्जी मुकदमे में फिर से फंसा देंगे। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ लोग हमको बराबर धमकी देते रहते है कि अगर मुझे रुपए नहीं दोगे तो हम बराबर फर्जी मुकदमे में तुमको फसाते रहेंगे, यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोग आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं इनके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित व्यक्ति ने उक्त प्रकरण की जांच कराए जाने के लिए एक प्रार्थना पत्र रजिस्ट्री और मेल के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजी है और न्याय की मांग की है।

## पानी के लिए त्राहिमाम : भीषण गर्मी में कई किलोमीटर पैदल चलकर ला रहे एक-एक डिब्बा पानी





मऊरानीपुर/झांसी। या खुदा बस इतना बता दे वो हुनर कहा से लाऊए यदि किसी को प्यासा देखूं तो खुद पानी बन जाऊं। किसी शायर की यह लाइने इन दिनों बेहद सटीक बैठ रही है।इस बार हाइवे के चक्कर में जिस तरह हरे.भरे पेड़ कट गएएपहाड़ समा गएए नदियां सूख गई। यही वजह है कि प्रचंड वेग गर्मी में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के परंपरागत जल स्त्रोत पिछली बार की अपेक्षा जरूरत से ज्यादा गहरा कर या तो सूख गए या फिर जल स्तर बेहद नीचे चले जाने से बूंद.बूंद पानी के लिए इंसान तो ठीक मूक जानवर तक भटक रहे है। ग्रामीण क्षेत्र का रुख करने पर जो हकीकत सामने आईए वह बेहद भयावहए चौंकाने वाली रही। भविष्य की प्रकृति का अल्टीमेटम भी बनकर उभरा। इन दिनो ग्रामीण क्षेत्रो में पीने के पानी का संकट बना हुआ है। हर घर नल योजना का लाभ ग्रामीणों को नही मिल रहा है। रौनीए चितावतए बुढियाए चुराराए मथुपुराए टकटौलीए बडागांवए भानपुराए हरपुराए पंचमपुराए पचवईए सिंगरवाराए पठाए घाटकोटराए खरकामाफए बिरगुंआए सितौराए खदरंकाए अक्सेवए रोराए भटपुराए तिलैरा आदि ग्रामो में ग्रामीण हैण्डपम्पों से पानी भर रहे है। कई ग्रामो में प्लास्टिक के पाईप प्राईवेट तौर पर डाले गए है। बोरिंग से पानी पाईपो के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। सडक किनारे लगाय गए हैण्डपम्प अब कही भी नजर नही आ रहे है। आवारा गौवंशो का और बुरा हाल है। वह पानी के लिए जहां.तहां भटक रहे है। ग्रामीण काफी दूर से पानी ला रहे है। गांव के लोगो का आधे से ज्यादा समय पानी की व्यवस्था में गुजर जाता है।

## ओवीसी समाज के आरक्षण का लाभ अल्पसंख्यकों को लगातार दिया जा रहा : मनोज कुमार

उरई (जालौन)। भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय मणीन्द्रालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार राजपूत क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र, पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने कहा कि पंश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा ओवीसी समाज के आरक्षण का लाभ अल्पसंख्यकों को लगातार दिया जा रहा था तथा कोलकाता मुख्य न्यायालय ने अपने आदेश में सुश्री ममता बनर्जी मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल ने पिछडा वर्ग के आरक्षण में करीब 65 मुस्लिम जाति जो घुसपैठियों व रोहिनिया है। उनको अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए सभी को पिछडा वर्ग का सर्टिफिकेट देकर ओवीसी का आरक्षण देकर सम्पूर्ण ओवीसी समाज के आरक्षण का लाभ अल्पसंख्यकों को लगातार दिया जा रहा है। इसे कोलकाता हाईकोर्ट ने पिछडे वर्ग के हिस्से का जो आरक्षण दिया जा रहा था उसे रद्द करते हुए उनके ओवीसी सर्टिफिकेट रद्द कर दिए है। हम लोग कोलकाता हाईकोर्ट के इस निर्णय का बहुत-बहुत स्वागत करते है साथ में कोर्ट के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने व्यान जारी कर कहा कि हम इस निर्णय को नहीं मानेगे न ही लागू करेंगे। भारतीय जनता पार्टी पिछडा वर्ग मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र कोर्ट के आदेश की अवहेलना की घोर निंदा करते हुए कह रहा हूँ कि इंडी गठबंधन के घटक दलों की मानसिकता स्पस्ट है। ये आगे क्या करने वाले है जनता जनार्दन सव जानती है इसका जवाव भारतीय जनता जनार्दन आगे आने वाले चरणों के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करके घमंडी गठबंधन का घमंड चकनाचूर करने का काम करेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक कुमार राठौर, मीडिया प्रभारी मनोज यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पानी के लिए आपस में भिडे कर्मचारी व ग्रामीण

**दोनो पक्षो ने एक- दूसरे पर लगाया मारपीट का आरोप**

मऊरानीपुर/झांसी। पानी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हाहाकार मचा है। आलम यह है कि बूंद. बूंद पानी के लिए मारपीट तक की नौबत आ गई है। पानी के लिए पानीपत जैसे युद्ध के आसार बन गए है। आज पानी न आने को लेकर ग्राम रौनी निवासी राघवेंद्र पुत्र विश्वनाथ सिंह ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में जलापूर्ति करता है। ग्राम में ऊंचाई वाले क्षेत्र में तीन दिन से पानी न पहुंचने को लेकर गांव निवासी दो युवकों ने उससे घर तक पानी पहुंचाने के लिए कहा। जब उसने कारण बताया तो उसके साथ गाली गलौचए दोनों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दीए भाग गए। पीड़ित ने कार्यवाही की मांग की।दूसरे पक्ष की ओर से योगेंद्र पुत्र पूरन लाल अहिरवार ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आज शाम करीब छह बजे उसका भतीजा अरुण अपनी भाभी के साथ घर के चबूतरे पर बैठा तीन दिन से पानी न आने के कारण हो रही परेशानी की चर्चा कर रहा था। तभी गांव निवासी युवक नशे में आया। कहा कि तुम लोगों को पानी नहीं मिलेगाए जो करना हो कर लो। गाली गलौज कर ईंट के पत्थर से प्रहार कर दिया। जिससे अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने घायल की डाक्टरी कराकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

**खराब पडे हैण्डपम्प सही कराने की मांग**

भीषण गर्मी के चलते पानी की किल्लत बडी समस्या बनी हुई है। मुहल्ला अल्याई निवासी बहीद अंसारीए रवि नीखराए राजेन्द्र श्रीवासए हनीफ मंसूरीए आविद अंसारीए फरीद अंसारी आदि ने बताया कि उनके मुहल्ले में 3 हैण्डपम्प खराब पडे है। शंकरजी मन्दिर के पास लगा हैण्डपम्प खराब होने से मुहल्लेवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड रहा है। जिसे तुरन्त सही कराये जाने की मांग की।

## युवती के साथ की छेडछाड, विरोध करने पर मां व उसके नौकर को पीटा

**पीडितों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग**

मऊरानीपुर/झांसी। ग्राम स्यावरी निवासी महिला ने बताया कि पति बाहर रहकर काम करता है। वह गांव में खेती के अलावा घर में किराना की दुकान किए है। घर में दो जवान बिटिया है।काम के लिए एक नौकर रखे है। आरोप लगाया कि गांव निवासी एक महिला का पुत्र अपने साथ आपराधिक किस्म के युवकों सहित उसके घर के बाहर बैठकर शराब पीकर हंगामा काटते है। विरोध करने पर गाली.गालौच कर मारपीट पर आमादाए जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित महिला के अनुसार गत रोज देर रात करीब 9 बजे युवक अपने दोस्तों के साथ आयाए शराब पी। इसके बाद उसकी पुत्री से पीने को पानी मांगा। जब उसकी पुत्री ने पानी दिया तो युवक ने उसका हाथ पकड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा। यह देख पुत्री ने शोर मचाया तो वहए नौकर मौके पर आ गए। युवक को ललकारा तो वह अपने साथियों सहित उसके घर में घुस आया। उसकेए नौकर के साथ सभी ने लाठीए लातए घूंसो से बेरहमी से मारा। जिससे वहए नौकर घायल हो गए। शोर मचने पर सभी ने धमकी दी कि यदि कही शिकायत की तो जान से मार देंगे। घटना आसपास के लोगों ने देखी लेकिन आरोपियों को गांव निवासी एक दबंग महिला का वरद हस्त प्राप्त होने के कारण कोई बीच में नही आया। इस पर उसने पुलिस को सूचित किया। मौके पर आई पुलिस ने घटना सत्य पाते हुए कोतवाली आकर प्रार्थना पत्र देने को कहा। महिला के अनुसार आज सुबह उसका नौकर उसके यहां आ रहा था। इसी दौरान एक आरोपी के भाई ने आपे टैक्सी से टक्कर मार दीए शिकायत न करने की धमकी दी। घायल नौकर को साथ लेकर कोतवाली आई पीड़ित महिला ने डाक्टरी कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

### नहाते समय युवती का बनाया वीडियो वायरल करने की दी धमकी

मऊरानीपुर/झांसी। नदी पार कटरा नई बस्ती निवासी ने बताया कि उसके बगल में रहने वाला युवक अपनी छत से उसकी पुत्रियों के वीडियो बनाता है। आज दोपहर जब उसकी पुत्री आंगन में नहा रही थी। तो युवक ने वीडियो बना लीए धमकी दी कि यदि मेरी बात नही मानी तो उसे वायरल कर बदनाम कर देंगे। जब प्राथी वापस घर आया। तो पुत्री ने पूरी बात बताई। इस पर जब युवक के घर उलाहना देने गया। तो उसने गाली गलौच कर मारपीट करते हुए धमकी दी। यदि कही शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने कार्यवाही की मांग करते हुए बताया कि उक्त युवक ने चार माह पूर्व पुत्री से छेड़छाड़ की थी।तभी से वह पीछे पड़ा है। जिससे उसकाए परिवार का जीना मुहाल हो गया है। पीड़ित ने कार्यवाही की मांग की।

### प्रेमिका ने प्रेमी की मां पर लगाया मारपीट करने का आरोप

मऊरानीपुर/झांसी। ग्राम कुचनपुरा खरकासानी निवासी युवती ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका दो साल से पड़ोस निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों बालिग होने के कारण पूरे होशो.हवास में शादी करना चाहते है। जिसमें उसकाए प्रेमी का परिवार सहमत है। लेकिन प्रेमी की मां शादी में बाधा बनी है। किसी कीमत पर विवाह नहीं होने दे रही।युवती के अनुसार आज शाम करीब छह बजे वह प्रेमी से मिलने उसके घर गई। तो प्रेमी की मां ने उसके साथ गाली गलौच कर लात.घूंसो से बेरहमी से माराए धमकी दी कि यदि फिर यहां आई तो जान से मार देंगे। युवती ने बताया कि वह हर हाल में प्रेमी से ही शादी करना चाहती है। कोतवाली में दिये प्रार्थना पत्र में प्रेमी की मां के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की जिससे वह शादी कर सके।

### 2 लाख लेकर आना, तब करेंगे बेटी की विदा

मऊरानीपुर/झांसी। ग्राम बागी थाना कदौरा जिला जालौन निवासी नगीना पत्नी वजीर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी तीन माह पूर्व मऊरानीपुर के नई बस्ती निवासी के साथ मुस्लिम रीति.रिवाज से तीन लाख रुपएए सोने.चांदी के जेवरए गृहस्थी का सामान देकर की थी। शादी के बाद से ही ससुराल में उससे मायके से दो लाख रुपए और लाने का दबाव डाला गया। जब उसने इंकार किया तो उसके साथ अमानवीय उत्पीड़न किया जाने लगा। उसकी सूचना फोन पर पुत्री ने दी। जिस पर वह आज शाम अपनी मांए बहिनए भाईए पुत्र के साथ पुत्री की विदा कराने नई बस्ती स्थित उसकी ससुराल पहुंचे। आरोप लगाया कि दामादए अन्य सुसराल वालों ने उनके साथ गाली.गलौच कर मारपीट करते हुए कहा कि जब दो लाख रुपए लेकर आना तब विदा करेंगे। पीड़ित महिला परिजनों के साथ उसी हालत में कोतवाली आई। कोतवाली में दिये प्रार्थना पत्र में पुलिस भेजकर पुत्री को ससुराल वालों की कैद से मुक्त करानेए कार्यवाही की मांग की।

### बकरी का पैर तोडा, महिला से की अभद्रता

मऊरानीपुर/झांसी। ग्राम बचेरा थाना टोडीफत्तेहपुर निवासी महिला ने बताया कि 14 अप्रैल की शाम 4 बजे उसकी बकरी हार से घर पर आ रही थी। तभी गांव निवासी गोविन्द सिंह यादव ने उसकी बकरी को लाठीए डण्डो से मारपीट की। जिससे बकरी के पीछे का बांया पैर टूट गया। शरीर मे गम्भीर चोटे आयी। जब वह गोविन्द सिंह यादव के घर पर उलाहना देने पहुंची। तो उसने तथा उसके भाई ज्ञान सिंह यादव ने गाली गलौज करते हुए उसे धमकाया। महिला का कहना था कि बकरी की हालत गम्भीर है। गर्भ की स्थिती में उसके पेट में पल रहे बच्चे को जान का खतरा है। कोतवाली पुलिस ने यह मामला ग्राम बचेरा थाना टोडीफत्तेहपुर निवासी गोविन्द सिंह यादवए ज्ञानसिंह यादव के खिलाफ धारा 354 ;खद्धए 429ए 323ए 504ए एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### सम-सेमेस्टर परीक्षाऐं 24 से

मऊरानीपुर/झांसी। श्रीरामधाम स्नातकोत्तर महाविधालय प्राचार्य डा0 उमाकांत खरे ने बताया कि बुन्देलखण्ड वि0वि0 झांसी द्वारा बीएए बीएससीए बीकॉमए एमकॉमए एमए के सम.सेमेस्टर की परीक्षायें 24 मई से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षार्थी 23 मई तक अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें।

### धसान नदी के पास बनकर तैयार हुआ वॉटर ट्रीटमेंट प्लाण्ट

मऊरानीपुर । ग्राम पुरवा के नाम से घाटकोटरा में धसान नदी के पास 93 करोड़ धनराशि की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बन गया है। जिसमें संस्था से संबंधित विभागीय अधिकारीए कर्मचारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नलए हर घर जल के लिए बनाए गए पानी के प्लांट से क्षेत्र के 34 ग्रामों में साफ सुथरा स्वच्छ पेयजल पहुंचे की सुनिश्चित व्यवस्था संस्था द्वारा पिछले साल कर ली गई।

### महिला के साथ मारपीट

मऊरानीपुर/झांसी। ग्राम कुरैचा थाना मऊरानीपुर निवासी महिला ने बताया कि 22 मई की शाम 6 बजे सामने रहने वाली दो महिलाये उसके घर आयी। कहने लगे कि तुम मेरे पति क्यो देखती हो। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। जिससे उसकी चूडियां टूट गईए पीठए गर्दन में चोटे आयी। कोतवाली में दिये प्रार्थना पत्र में डाक्टरी कराकर कार्यवाही की मांग की।

### युवती को भगा ले जाने पर मुकदमा.

मऊरानीपुर/झांसी। नदीपार कटरा लल्ली बाबा मन्दिर के पास किराये के मकान में रह रही महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बडागांव मऊरानीपुर निवासी अभिषेक सिंह के खिलाफ धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया गया कि 21 मई को 11 बजे दिन उसकी 19 वर्षीय पुत्री को वह बहला-फुसला कर भगा ले गया है।

## दलित के साथ मारपीट एंव रंगदारी मांगे जाने पर दंबगो के बिरूद्व रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग को लेकर दर्जनो समर्थको ने थाना पर दिया धरना



एरच/झांसी। दंबगो द्वारा दलित युवके साथ जाति सूचक गाली गलौच मारपीट कर रंगदारी मांगे जाने के मामले मे दंबगो के बिरूद्व रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग को लेकर के दर्जनो समर्थको के साथ पीडितने धरना दिया ।

थाना मोठ के सोजना निवासी राजेश कुमार उर्फ लालू अहिरवार पुत्र जसंबत अहिरवार ने गुरूवार रात आठ बजे दर्जनो समर्थको के साथ थाना एरच मे धरना देते हुए बताया कि उसके द्वारा बीते दिनों दंबगो के द्वारा की गई मारपीट एंव रंगदारी मांगे जाने के मामले को लेकर के शिकायत पत्र दिया था लेकिन उसमे कोई कार्यवाही न होने पर आज सार्थियों सहित धरना दिया है पीडित राजेश अहिरवार ने बताया कि वह एरच खनिज बेरियर पर पर्ची काटने का काम करता है बीते 21 मई को रात्रि लगभग 10 बजे तीन लोग बुलेरो कार से बेरियर पर आए ओर अपने आप को पत्रकार बताते हुए दंबगई करने लगे उसके साथ जाति सूचक गालिया देते हुए उससे दंबगो द्वारा पांच हजार की रंगदारी की मांग की गई जिस पर उसने असमर्थता जताते हुए कहा कि वह मजदरी करता है इससे दंबग उसे एक कार मे डालकर के ले जाने लगे तो उसने शोर मचाया तो बेरियर पर काम करने बाले ओर ट्रक चालको ने उसे बचाया उक्त सभी दंबग उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए उक्त् घटना के संबध में थाना मे शिकायत पत्र दिए जाने के बाद भी अभी तक रिपोर्ट दर्ज न किए जाने की मांग को लेकर के थाना परिसर मे धरना दिया गया है धरने पर बैठे पीडित् एंव उनके दर्जनो साथियो ने कहा कि जब तक हम लोगो के न्याय ओर दंबगो के बिरूद्व मुकदमा पजीक्रत नही हो जाता तब तक वह धरने पर बैठे रहेगे।

## बुद्व पूर्णिमा पर उनके पदचिन्हो पर चलने का लिया संकल्प



चित्रकूट। भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध का 2568 वां जन्मोत्सव कर्वी शहर के विद्यानगर स्थित पीताम्बर पैलेस गार्डेन में धूमधाम से मनाया गया। बुद्ध के अनुयायियों ने चिलचिलाती धूप व गर्मी में भारी संख्या में जुटकर भगवान बुद्ध के उपदेश सुने। डा ज्ञान चंद्र बौद्व ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांधा। जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे वंदना और पुष्पार्पण से हुई। बुद्ध अनुयायिओं ने अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया। और कार्यक्रम के अन्त में सभी बौद्व भंते एवम् बुद्ध उपासकों ने साथ मिलकर खीर खाई। इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे संचालक गयाप्रसाद बौद्व ने पंचशील पढ़कर शब्दार्थ बताते हुए बुद्ध धम्म पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. ज्ञान चंद्र बौद्व ने कहा कि भगवान बुद्ध के संदेश आज भी प्रसांगिक हैं। पंचशील का पालन करने से ही मानव का कल्याण संभव है। शांति का संदेश भारत ही नहीं वरन् संपूर्ण विश्व में स्मरणीय है। कहा कि बौद्ध काल में भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिला जो भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। आलोक बौद्ध ने कहा कि रूढ़वादिता, अंधविश्वास को त्यागने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा। धर्मेन्द्र कुमार भास्कर ने कहा कि इसी तिथि के दिन भगवान बुद्ध ने जन्म लिया था. बौद्ध धर्म से जुड़े लोग इस तिथि को विशेष तौर पर मनाते हैं. अपने ज्ञान और धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देने वाले भगवान बुद्ध को बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। विश्व के विभिन्न देशों में, बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

### सात साइकिलो के साथ दो चोर गिरफ्तार


चित्रकूट। पुलिस ने दो साइकिल चोरो को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की सात साइकिल बरामद की है।

बीते दिनो सरजो पुत्र सतन निवासी पहाड़ी की घर के सामने साइकिल खड़ी करके घर के अन्दर खाना खाने चला गया जब घर से खाना खा कर वापस लौटा तो साइकिल खड़ी नहीं मिली। पुलिस ने मुखविर की सूचना पर अभियुक्त पप्पू निषाद पुत्र कन्धई लाल निवासी ग्राम सगवारा हाल मुकाम ग्राम तुलसीपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर को चोरी की साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त पप्पू निषाद से पूछतांछ पर अभियुक्त राजा निषाद के घर के बाहर से चोरी की छह साइकिले बरामद की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उनि विपिन कुमार मिश्रा, आरक्षी शरद, आनन्द रहे।

## परिवार में कराया सुलह

चित्रकूट। परिवार परामर्श केन्द्र ने परिवारिक विवाद को समाप्त कराते परिवार को टूटने से बचाया है।

श्यामा देवी पत्नी गुलाब चन्द्र निवासी चनहट थाना राजापुर ने अपने पति गुलाब चन्द्र पुत्र महेश्वरी निवसी के विरुद्ध मारपीट व पत्नी को मायके से ना ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवांगनी श्रीवास्तव ने शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया।



## दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित
## हाइकु

**धूम्र से बोध, अग्नि का हो गुरू से, आत्मा का होता।**

**भावार्थ- जिस प्रकार धुंआ अग्नि का पता बता देता है उसी प्रकार गुरू महाराज आत्मा का यथार्थ ज्ञान कराकर सच्चे सुख प्राप्ति की राह बता देते हैं।**

# सम्पादकीय

## हर घर मोदी नहीं बल्कि हर दिल में मोदी नजर आ रहे

आपने अक्सर देखा-सुना होगा कि भाजपा की ओर से हर घर मोदी नारा लगाया जाता है लेकिन इस बार लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में हर दिल में मोदी नारा लगाया जा रहा है। वाराणसी में आप जहां भी देखेंगे वहां आपको मोदी का काम और नाम दोनों नजर आयेगा। पिछले 10 वर्षों में वाराणसी की तस्वीर काफी हद तक बदल गयी है। आज यहां खंभों पर लटकते तार आपको नजर नहीं आयेंगे। आज आपको काशी में विभिन्न जगहों पर गंदगी के ढेर नहीं बल्कि जगह-जगह रखे डस्टबिन नजर आयेंगे। पिछले दस वर्षों में काशी को तमाम पुल-पुलिया मिले, रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हुआ, रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र जैसे विभिन्न नये आयोजन स्थल मिले, गंगा की सफाई हुई, गंगा के घाटों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण हुआ। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बना जिससे भक्तों को दर्शनों में आसानी तो हुई ही साथ ही मंदिर की दिव्यता और भव्यता भी बढ़ी। आज गोवा से ज्यादा पर्यटक काशी आ रहे हैं तो वह संभव हो पाया है मोदी की वजह से क्योंकि उन्होंने यहां के बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए विभिन्न स्थलों का सौंदर्यीकरण भी किया और काशी की देश के अन्य भागों के साथ रेल और वायु संपर्क की सेवाएं भी बढ़ाईं।

चुनाव यात्रा जब वाराणसी पहुँची तो हमने पाया कि यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नाम से जनता वाकिफ है लेकिन अन्य उम्मीदवारों के नामों को कोई नहीं जानता। अजय राय के बारे में भी लोगों ने यही कहा कि ऐसा लगता है कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष इसी शर्त पर बनाया गया होगा कि उन्हें प्रधानमंत्री के सामने चुनाव लड़ना होगा। लोगों ने कहा कि जब चुनाव नहीं होते हैं तो बड़े-बड़े नेता वाराणसी आकर प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ने की बात करते हैं लेकिन जब चुनाव आता है तो सबको सांप सूंघ जाता है। लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए इस बार जनता चुनाव लड़ रही है और उन्हें इस बार 10 लाख से ज्यादा वोट दिलाने और पहले से ज्यादा बड़े अंतर से चुनाव जितवाने के लिए सभी नेता और कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और घर-घर संपर्क तथा अन्य अभियानों के जरिये सभी मतदाताओं तक पहुँच रहे हैं। जिन-जिन राज्यों में चुनाव समाप्त होते जा रहे हैं वहां-वहां से नेता और कार्यकर्ता वाराणसी पहुँच रहे हैं ताकि मोदी के लिए चुनाव प्रचार कर सकें। हमने जब मुंबई और केरल से आये भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की तो उन्होंने कहा कि यहां एक तरफ गंगा की लहर है तो दूसरी ओर मोदी की लहर है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं इसलिए हम बिना मौसम तथा अन्य चीजों की परवाह किये बिना यहां आये हैं ताकि खुद को तपा कर भारत माता की सेवा कर रहे तपस्वी प्रधानमंत्री की कुछ मदद कर सकें। वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में जिस तरह समाज के सभी वर्गों की भीड़ लगी रहती है उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि उन्हें चुनावों में इस बार भारी जन समर्थन मिलने जा रहा है। वाराणसी में एक खास बात हमें यह दिखी कि आप किसी भी दुकान पर जाइये और चुनाव के बारे में पहला सवाल करते ही लोग कह देते हैं- अबकी बार 400 पार।

# लोकसभा चुनाव परिणामों से जुड़ी फिजूल की अटकलें

**ललित गर्ग**

**अनेक चुनाव विश्लेषण बताते हैं कि 1999 और 2004 में कम मतदान प्रतिशत से भाजपा को फायदा हुआ, लेकिन 2014 में अधिक मतदान से लाभ हुआ। लेकिन विश्लेषक मतदान प्रतिशत और अंतिम परिणामों के बीच स्पष्ट संबंध बताने में विफल हैं।**




पांचवें चरण के तहत 20 मई को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गये, इसके बाद दो ही चरण की वोटिंग शेष रह जाएगी। शेष रहे दो चरणों के चुनाव पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं और जैसे-जैसे चुनाव सम्पन्नता की ओर बढ़ रहे हैं, राजनीतिक दलों की आक्रामकता अब चुनाव परिणामों को लेकर फिजूल की अटकलों के रूप में देखने को मिल रही है। वैसे तो तीन चरणों के बाद ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलें पर सारे चुनावी परिदृश्य बन रहे हैं। आम मतदाता की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस करने की बजाय चुनाव नतीजों की भविष्यवाणियों में चुनाव परिदृश्यों को भटकाने की कुचेष्ठाएं हो रही है, यह लोकतंत्र के इस महानुष्ठान को धुंधलाने का दूषित प्रयास है। चुनाव परिणामों को लेकर हो रही इन चर्चाओं से जहां आम मतदाता भ्रमित हो रहा है, वही देश के शेयर बाजारों में गिरावट की स्थितियां आर्थिक असंतुलन का कारण बन रही है। राजनीतिक दलों की सोची-समझी रणनीति के तहत चुनाव परिणामों की संभावनाएं व्यक्त करना, अटकले एवं कयास लगाना चुनावी परिदृश्यों को भटकाने की कोशिशें हैं, इसमें राजनीतिक विश्लेषण और उनके निष्कर्ष भी कहीं-न-कहीं ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे मतदाता को लुभाया जा सके, भटकाया जा सके या गुमराह किया जा सके।

कांग्रेस हो या भाजपा और अन्य दल सभी चुनाव परिणाम की अटकलों पर ध्यान लगाये हुए हैं, वे ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं करते हुए जीत के दावे कर रहे हैं, जिससे मतदाता द्वंद्व की स्थिति में हैं। राजनीतिक दलों ने राष्ट्र के जरूरी एवं बुनियादी मुद्दें को तवज्जों न देकर राजनीतिक अपरिपक्वता का ही परिचय दिया है। दिक्कत यह है कि सभी पार्टियां अपने दल या गठबंधन की जीत को सुनिश्चित बताते हुए इस तरह के विश्लेषण और निष्कर्ष निकाल रहे हैं जो सत्यता से दूर हैं। ऐसे निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे एवं विपक्षी दल भाजपा के हार की भविष्यवाणी कर रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक उत्तरप्रदेश की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रूवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए। ऐसी ही भविष्यवाणियां इस बार भी बढ़-चढ़ कर हो रही है, लेकिन इस बार के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होने वाले हैं, चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले होंगे। निश्चित ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलों का शेष रहे दो चुनाव चरणों पर व्यापक प्रभाव पड़ता हैं। पहले तीन चरणों के कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट प्रतिशत का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्पर विरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सचाई 4 जून को ही सामने आएगी। लेकिन चुनाव परिणामों को लेकर विरोधाभासी अटकलों का असर मतदाता पर पड़ता ही है। समूचे देश की बात करें तो इस पर लगभग आम राय है कि इन चुनावों में कोई लहर नहीं है। कई चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार 2019 के चुनाव में पुलवामा में हुई घटनाओं और उसके बाद बालाकोट में जो हुआ उसके बाद देश भर में राष्ट्रीय सुरक्षा की लहर दौड़ गई थी। इस बार सोचा गया था कि श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन का व्यापक असर होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विकास का मुद्दा अवश्य मतदाता के दिमाग में रहा है। फिर भी अगर किसी एक नेता के पक्ष में मतदाताओं की पसंद मुखरता से सामने आ रही है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। सवाल है कि क्या यह मुखरता वोट में भी परिणत होगी? जवाब के लिए 4 जून का इंतजार करना बेहतर होगा।

अनेक चुनाव विश्लेषण बताते हैं कि 1999 और 2004 में कम मतदान प्रतिशत से भाजपा को फायदा हुआ, लेकिन 2014 में अधिक मतदान से लाभ हुआ। लेकिन विश्लेषक मतदान प्रतिशत और अंतिम परिणामों के बीच स्पष्ट संबंध बताने में विफल हैं। बाज़ार के इस उतार चढ़ाव के बीच निवेशक लोकसभा चुनाव में कुछ चरणों के कम मतदान प्रतिशत को लेकर चिंतित हैं। वे चुनाव परिणाम के बारे में अनिश्चितता पाले हुए हैं। निवेशक ही नहीं, मतदाता एवं नेता भी भ्रम एवं भटकाव पाले हुए है। लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा विरोधी 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर तृणमूल कांग्रेस नई सरकार के गठन में 'बाहर से समर्थन' देगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस टिप्पणी के बाद से ही राजनीतिक हलकों में कयासों और अटकलों का दौर तेज़ हो गया था। सवाल उठ रहा था कि क्या उनकी इस टिप्पणी में कोई नया संकेत छिपा है? पांचवें चरण की सम्पन्नता के बाद यह साफ हो गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर इस बार सत्तारूढ़ भाजपा की कांग्रेस समाहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ कांटे की लड़ाई हैं और दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी विजय का दावा कर रहे हैं।

कम मतदान की पहेली का एक मतलब ये भी निकाला जा सकता है कि मतदाता को कोई उत्साह नहीं है, क्योंकि उसको ये लगता है कि 400 सीटों की जीत का दावा किया जा रहा है तो उसके वोट से कोई फर्क नहीं पडने वाला है। एक वजह ये भी हो सकती है कि वह परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है, लेकिन इन दोनों वजहों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं का रोल है, ये मतदाता की पहचान से जुड़े मामले नहीं हैं। विपक्ष इस बात को हवा दे रहा है कि जब सत्ताधारी दल का कार्यकर्ता जनता को बूथ पर लाने में फेल होता है तो इसका मतलब है कि कुछ गड़बड़ है। कुछ जानकार कह रहे हैं कि मामला उतना सपाट नहीं है। एक तो मौसम की मार और दूसरा ये एक ऐसा राजनीतिक मैच है जिसका नतीजा पहले से पता है इसलिए ऐसे मैच में कोई उत्साह नहीं होना बहुत सामान्य है।

पांचवें चरण में हो रहा लोकसभा का यह चुनाव भाजपा के लिए 'सेफ जोन' की तरह माना जाता है। दरअसल भाजपा और एनडीए ने मिलकर पिछले लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण की 49 सीटों पर जिस तरह से बैटिंग की थी, वह उसको सत्ता की सीढ़ी तक ले गई। जबकि 2014 में भी भाजपा ने अपने सियासी ग्राफ को इस चरण में मजबूती के साथ आगे बढ़ाया था। सियासी जानकारों का मानना है कि भाजपा ने अपने इसी मजबूत सियासी ग्राफ के मद्देनजर पूरी फील्डिंग पांचवें चरण की 49 सीटों पर लगा दी है। वहीं इंडिया गठबंधन और उसके सियासी दलों, जिसमें कांग्रेस और सपा समेत शिवसेना ने पांचवें चरण के लिए 2014 से पहले वाली रवायत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तैयारी की है। अब परिणाम तो भविष्य के गर्भ में हैं। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। उन्हें अपनी रीतियों-नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करते हुए अतिश्योक्तिपूर्ण भविष्यवाणियों एवं अटकलों से बचना चाहिए।

## रावण नहीं धन के देवता कुबेर की थी सोने की लंका

**अनन्या मिश्रा**



वेद शास्त्रों के मुताबिक कुंभकर्ण और विभीषण रावण के दो सगे भाई थे। इसके अलावा रावण के एक सौतेला भाई भी थे जिनका नाम कुबेर था। ये वही कुबेर जी हैं जो हम पर धन की कृपा बरसाते हैं। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण के अनुसार महर्षि पुलस्त्य ब्रह्माजी के मानस पुत्र थे। महर्षि पुलस्त्य का विवाह राजा तृणबिंदु की पुत्री से हुआ था। इनके पुत्र का नाम विश्रवा था। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा रचित रामायण के मुताबिक, ब्रह्माजी ने महर्षि पुलस्त्य को अपना पुत्र माना था। महर्षि पुलस्त्य का विवाह राजा तृणबिंदु की पुत्री से हुआ था। महर्षि पुलस्त्य के पुत्र विश्रवा थे। विश्रवा अपने पिता के दिए हुए संस्कारों के अनुसार सत्यवादी व जितेंद्रीय थे। विश्रवा के इन गुणों से प्रसन्न होकर महामुनि भरद्वाज ने अपनी कन्या इड़विड़ा का विवाह विश्रवा के साथ कर दिया। महर्षि विश्रवा और इड़विड़ा से एक पुत्र हुआ। जिसका नाम वैश्रवण रखा गया। वैश्रवण नाम धन कुबेर का ही है। इसके बाद महर्षि विश्रवा ने दूसरा विवाह किया। इनकी दूसरी पत्नी का नाम कैकसी था। कैकसी राक्षस कुल की कन्या थीं। कैकसी के गर्भ से तीन पुत्रों का जन्म हुआ। जिनका नाम रावण, कुंभकर्ण और विभीषण था। इस तरह से रावण, कुबेर का सौतेला भाई हुआ।

**सोने की लंका-** रामायण के मुताबिक, महर्षि विश्रवा ने कुबेरदेव को रहने के लिए सोने की लंका प्रदान की थी और धन कुबेर की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उनको उत्तर दिशा का स्वामी और धनाध्यक्ष बना दिया। इसके साथ ही ब्रह्माजी ने कुबेरदेव को मन की गति से चलने वाला पुष्पक विमान भी दिया। लेकिन रावण की हट और अपने पिता के कहने पर कुबेर जी ने सोने की लंका अपने भाई रावण को दे दी। फिर उन्होंने अपने लिए कैलाश पर्वत पर अलकापुरी बसाई।

जब रावण विश्व विजय पर निकला तो उसने अलकापुरी को भी जीत लिया। इस कारण से तो रावण और कुबेरदेव के मध्य भयंकर युद्ध भी हुआ था। लेकिन रावण को ब्रह्माजी का वरदान प्राप्त था, जिस वजह से उसने कुबेर को हरा दिया था और बलपूर्वक ब्रह्माजी द्वारा दिया हुआ पुष्पक विमान भी कुबेर जी से छीन लिया।

**कुबेर का पिछला जन्म-** धर्म शास्त्रों के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि कुबेरदेव अपने पिछले जन्म में चोर थे। कहते हैं कि वह अन्य जगहों के साथ-साथ देव मंदिरों में भी चोरी किया करते थे।

एक बार कुबेर जी चोरी करने के लिए शिव मंदिर में घुस गए। उस समय में मंदिरों में बहुत माल-खजाना हुआ करता था। खजाने को ढूंढने के लिए कुबेर ने मंदिर में दीपक जलाया, लेकिन तेज हवा के कारण वह दीपक बुझ गया। यह क्रम कई बार तक चलता रहा और कुबेर जी बार-बार प्रयास करते रहे। इसे देखकर भोले-भाले और औढरदानी भगवान शंकर प्रसन्न हो गए और उस बार-बार हुए क्रम को दीप आराधना समझकर अगले जन्म में कुबेर को धनपति होने का वरदान दे दिया।

**धन के स्वामी हैं कुबेरदेव**

कुबेर जी धन के स्वामी और राजाओं के अधिपति हैं। कुबेर जी को देवताओं का धनाध्यक्ष भी माना जाता है। इसीलिए इनको राजाधिराज के नाम से भी जाना जाता है। गंधमादन पर्वत पर रखी हुई संपत्ति के चौथे भाग पर इनका नियंत्रण है। उस संपत्ति से सिर्फ सोलहवां भाग ही मानवों को दिया जाता है। कुबेरदेव जी नौ-निधियों के अधिपति भी हैं। ये निधियां हैं- कच्छप, मुकुंद, कुंद, पद्म, महापद्म, शंख, मकर, वर्चस और नील। ऐसा माना जाता है कि इन निधियों में से एक निधि अनंत वैभव देने वाली है। कुबेर जी भगवान शिव के मित्र हैं। इसीलिए जो मनुष्य कुबेर की पूजा करता है, उसकी भोले नाथ आपत्तियों के समय रक्षा करते हैं। सभी पूजा-उत्सवों, यज्ञ-यागादि, और दस दिक्पालों के रूप में भी कुबेरदेव की पूजा उपासना की जाती है। कुबेरदेव उत्तराधिपति अर्थात् उत्तर दिशा के अधिपति हैं।

**कुबेर देव का स्वरूप-** शास्त्रों के मुताबिक, कुबेरदेव बड़े से उदर यानी कि बड़े से पेट वाले हैं। इनका शरीर पीले रंग का है। ये मुकुट के साथ-साथ किरीट आदि जैसे आभूषण धारण करते हैं। इनके एक हाथ में गदा है और दूसरे हाथ से ये धन देने वाली मुद्रा में रहते हैं। इनकी सवारी पुष्पक विमान है। मनुष्य इनको पालकी पर बिठाते हैं और इनकी पूजा-अर्चना आदि करते हैं।

**कुबेर के अन्य नाम-** कुबेर को वैश्रवण के नाम से तो जाना ही जाता है। इसके साथ इनको एड़विड़ और एकाक्षपिंगल के नाम से भी जाना जाता है। इनकी माता का नाम इड़विड़ा था, जिस कारण इनको एड़विड़ नाम मिला। बताया जाता है कि इन्होंने माता पार्वती की ओर देख दिया था, जिससे इनकी दाहिनी ओर की आंख पीली पड़ गई थी। तब से इनका नाम एकाक्षपिंगाल भी हो गया।

**कुबेर की मायावी सभा-** महाभारत सभापर्व के दसवें अध्याय के मुताबिक, कुबेर की सभा सौ योजन लंबी और 70 योजन चौड़ी है। इसके साथ ही वह सभा मायावी भी है। इस सभा में कई सारे सोने के कक्ष बने हुए हैं। उसके खम्भे मणियों से जड़े हुए और स्वर्ण के बने हैं। इस सभा में बहुत सुंदर सिंहासन भी है। जिस पर कुबेरदेव ऋद्धि तथा अन्य सौ स्त्रियों के साथ विराजमान होते हैं। इस सभा में माता महालक्ष्मी, कई सारे ब्रह्मऋर्षि, देवर्षि और राजर्षि भी उपस्थित रहते हैं।

# धर्म ज्ञान....

## रुद्राक्ष से जुड़ी यह गलती कहीं आप पर पड़ ना जाए भारी, पहनने से पहले जान लें जरूरी



**अनन्या मिश्रा**

**ज्योतिष शास्त्र में रूद्राक्ष धारण करना काफी शुभ माना जाता है। रूद्राक्ष धारण करने के कई लाभ होते हैं। लेकिन कुछ लोगों को रुद्राक्ष धारण नहीं करना चाहिए। इसके पीछे कई ज्योतिष कारण होते हैं। आइए जानते हैं कि किन लोगों को रूद्राक्ष नहीं धारण करना चाहिए।**

इसके पीछे कई ज्योतिष कारण होते हैं।

रूद्राक्ष को धारण करते समय इसका प्रभाव व्यक्ति के विशिष्ट ज्योतिषीय चार्ट और ग्रहों की स्थिति के आधार पर भिन्न हो सकता है। ऐसे में हम आपको इस आर्टिकल के जरिए आपको बताने जा रहे हैं कि किन लोगों को रूद्राक्ष नहीं धारण करना चाहिए।

**इन लोगों को नहीं धारण करना चाहिए रूद्राक्ष**

मान्यता के अनुसार, जो लोग वैदिक परम्पराओं का पालन नहीं करते हैं, उन लोगों को रूद्राक्ष नहीं धारण करना चाहिए। कभी भी रुद्राक्ष को फैशन के तौर पर नहीं पहनना चाहिए। जब आप भगवान पर भरोसा करते हैं, तभी इसे धारण करना चाहिए। इसके साथ ही रुद्राक्ष की परम्पराओं का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए।

**ग्रहों की ठीक नहीं होने पर ना धारण करें रुद्राक्ष**

बताया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में ग्रहों की स्थिति ठीक नहीं है, तो बिना ज्योतिष की सलाह के रूद्राक्ष नहीं धारण करें। हर राशि और हर ग्रह के लिए अलग तरह का रूद्राक्ष धारण किए जाने की सलाह दी जाती है। क्योंकि गलत तरीके से रुद्राक्ष धारण करने से जीवन में नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। कुछ स्वास्थ्य परिस्थितियों में भी रूद्राक्ष नहीं धारण करने की सलाह दी जाती है।

**गर्भावस्था में नहीं धारण करें रुद्राक्ष**

रूद्राक्ष धारण करने से शरीर में तीव्र ऊर्जा का प्रवाह होता है। लेकिन गर्भावस्था में यदि कोई महिला रूद्राक्ष धारण करती हैं, तो ऊर्जा का संतुलन बनाए रखना होता है। इसलिए गर्भावस्था में रूद्राक्ष ना धारण करने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही बहुत छोटे बच्चों को भी रूद्राक्ष नहीं धारण करने की सलाह दी जाती है। क्योंकि छोटे बच्चे रुद्राक्ष से जुड़े नियमों का पालन करने में असमर्थ होते हैं।

**मांस-मदिरा धारण करने वाले ना धारण करें रुद्राक्ष**

अगर आपके घर में कोई व्यक्ति मांस-मदिरा का सेवन करता है, तो उस घर के किसी भी सदस्य को रुद्राक्ष नहीं धारण करना चाहिए। खासतौर पर मांस-मदिरा का सेवन करने वाले व्यक्ति को रुद्राक्ष नहीं धारण करना चाहिए। इसके अलावा जो व्यक्ति भगवान पर विश्वास नहीं करते हैं, उन्हें भी रूद्राक्ष नहीं धारण करना चाहिए।

**शव यात्रा पर जाते समय नहीं पहनें रुद्राक्ष**

शव यात्रा पर जाते समय रुद्राक्ष नहीं धारण करना चाहिए। क्योंकि भगवान भोलेनाथ को सृष्टि के संहारक के तौर पर भी देखा जाता है। ऐसे में भगवान शिव के आठवें प्रतीक को शव यात्रा के दौरान पहनने की मनाही होती है। रुद्राक्ष को धारण करने बाथरूम में भी नहीं जाना चाहिए। साफ़ और स्वच्छ तन और मन से ही रुद्राक्ष धारण करने की सलाह दी जाती है।

**नवजात बच्चे की मां को नहीं धारण करना चाहिए रूद्राक्ष**

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक नवजात बच्चे की मां को रुद्राक्ष धारण करने से मना किया जाता है। क्योंकि यह समय सोबड होता है। क्योंकि इस दौरान मां को शुद्ध नहीं माना जाता है। इसके अलावा मासिक धर्म के दौरान भी महिलाओं को रुद्राक्ष ना धारण करने की सलाह दी जाती है।

## ऑफिस हो या घर वास्तु के इन नियमों का रखें ख्याल

**अनन्या मिश्रा**


**लैपटॉप पर काम करते हुए अपनी दिशा का ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है। सही दिशा में बैठकर लैपटॉप पर काम करने से आपके काम सकारात्मक असर पड़ता है। वास्तु के मुताबिक लैपटॉप पर काम करते समय आपका मुख पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए।**

आज के इस दौर में अधिकतर लोग अपना काम घर पर ही बैठकर करते है। लैपटॉप से ही उनके दिन भर के सारे काम होते हैं। ऐसे में दिनभर के कामों से उनके दिमाग में तनाव आ जाता है और मन की निगेटिविटी भी बढ़ जाती है। इसीलिए, लैपटॉप पर काम करते हुए अपनी दिशा का ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है। सही दिशा में बैठकर लैपटॉप पर काम करने से आपके काम पर ही नहीं बल्कि आसपास के माहौल पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

हांलाकि अधिकतर लोग इन बातों पर ध्यान नहीं देते हैं जबकि यह उनके लिए अधिक जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि लैपटॉप पर काम करने के दौरान किस दिशा की ओर मुख करके बैठना चाहिए।

**इस दिशा में रखें मुख**

लैपटॉप पर काम करने के दौरान आपको इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि आप किस दिशा की ओर मुख करके लैपटॉप पर काम कर रहे हैं। वास्तु के मुताबिक लैपटॉप पर काम करते समय आपका मुख पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए। जिससे आपके काम करने की जगह पर



सकारात्मकता आती है।

**पूर्व दिशा की ओर मुख होने पर**

लैपटॉप पर काम करते समय अपना मुख पूर्व दिशा की ओर रखते हैं, तो प्रयास करें आपका लैपटॉप थोड़ा सा दांई तरफ हो। ऐसा करने से लैपटॉप पूर्व दक्षिण दिशा में होगा, यह दिशा काम के लिए एकदम सही है। वहीं उत्तर दिशा की ओर मुख करके लैपटॉप पर काम करते हैं, तो ध्यान रखें कि लैपटॉप थोड़ा सा बांई ओर होनी चाहिए। टेबल को थोड़ा सा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर रखना चाहिए।

लैपटॉप पर काम करते समय दिशाओं का ध्यान रखना चाहिए। लेकिन अगर आप काम के बीच में एक-दो घंटे का ब्रेक ले रहे हैं तो उस दौरान लैपटॉप को बंद कर देना चाहिए। अधिकतर कुछ लोग अपने लैपटॉप को ऑन ही छोड़ देते हैं। ऐसे करना नकारात्मक माना जाता है, और व्यक्ति सदैव तनाव में रहता है। लैपटॉप से निकल रहा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन व्यक्ति के दिमाग व सिर पर गलत असर डालता है। इसीलिए आप भी लैपटॉप पर काम करते समय इन बातों का ध्यान रखें और साथ ही दिशाओं का भी ध्यान रखें जिसको करने से आपके काम पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

## विष्णु सहस्त्रनाम का रोजाना पाठ करने से सौभाग्य में होती वृद्धि

**अनन्या मिश्रा**

सनातन धर्म में भगवान श्रीहरि विष्णु को जगत का पालनहार माना गया है। विष्णु सहस्रनाम पाठ करने से व्यक्ति को कई तरह से लाभ होता है और पवित्रता और आध्यात्मिक सामर्थ्य में वृद्धि होती है। विष्णु सहस्रनाम श्रीहरि के 1000 नामों का पाठ है, जो उनकी महिमा को व्यक्त करते हैं। इस पाठ को करने से आध्यात्मिक ,ध्यान, भक्ति और आंतरिक व मानसिक शांति मिलती है। विष्णु सहस्त्रनाम का रोजाना पाठ करने से व्यक्ति को बुराइयों, संकटों और आपत्तियों से मुक्ति मिलती है।

मान्यता के अनुसार, जो व्यक्ति विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ रोजाना करता है, उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसके नियमित पाठ से संकट और कष्टों से मुक्ति मिलती है। हिंदू धर्म में विष्णु सहस्त्रनाम पवित्र पाठों में से एक है। जो भी व्यक्ति इसका पूरी श्रद्धा और भक्ति से पाठ को सुनता या पढ़ता है। उस व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि पूरा लाभ लेने के लिए विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ कब और कैसे किया जाना चाहिए।

**कब करें विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ**

ज्योतिषाचार्य की मानें तो जब जातक की कुंडली में बृहस्पति ग्रह नीच या कमजोर स्थिति में हो, तो ऐसे में विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से जातक को लाभ होता है। साथ ही इसके पाठ से कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति मजबूत होती है।

यदि किसी जातक की कुंडली में बृहस्पति 6, 8, या 12 वे भाव से भ्रमण कर रहा हो, तब भी विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए। इससे जातक को किसी तरह की परेशानी नहीं आती और बुरा फल देने वाला ग्रह भी शांत हो जाता है।कुंडली में बृहस्पति ग्रह की अशुभ स्थिति होने पर व्यक्ति को पेट या लिवर की समस्या होती है। ऐसे में इस समस्या से निजात पाने के लिए ज्योतिषाचार्य विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने की सलाह देते हैं।अगर किसी व्यक्ति की शादी में किसी तरह की परेशानी आ रही है या फिर शादी के बाद संतान सुख नहीं मिल रहा है। तो विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से लाभ मिलता है।

**विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने के नियम**

विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में करना चाहिए। इसके बाद भगवान श्रीहरि विष्णु का ध्यान करें।

इस पाठ को पीले वस्त्र पहनकर करना चाहिए। भगवान विष्णु की पूजा के समय गुड़ और चने या फिर पीली मिठाई का भोग लगाएं।

बृहस्पतिवार की शाम को नमक आदि का सेवन नहीं

## घर में इस स्थान पर चांदी का बेलपत्र रखना माना जाता है शुभ



**अनन्या मिश्रा**

**शिव पूजन में बेलपत्र का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता के अनुसार, जो भी व्यक्ति भगवान शिव की पूजा में श्रद्धा से बेलपत्र चढ़ाता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर में चांदी का बेलपत्र रखना शुभ माना जाता है।**

अगर आपको बेलपत्र नहीं मिल पाता है, तो आप चांदी का बेलपत्र शिवलिंग के पास इसे रखकर पूजा का पूर्ण फल प्राप्त कर सकते हैं।

आप देश में रहते हों, या विदेश में, आप घर के पूजा स्थान पर चांदी का बेलपत्र रख सकती हैं। यह आपके जीवन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। साथ ही चांदी का बेलपत्र घर में रखने से सुख-समृद्धि बनी रहती है। आइए जानते हैं चांदी का बेलपत्र घर में रखने के फायदों के बारे में...

**सौभाग्य और समृद्धि को करता है आकर्षित**

बता दें कि चांदी को चंद्रमा की धातु माना जाता है। इसलिए इसे घर में रखने से मानसिक शांति बनी रहती है। साथ ही कुंडली में चंद्रमा की स्थिति भी मजबूत होती है। अगर आप चांदी के बेलपत्र को सही स्थान में रखते हैं, तो यह आपके घर में सुख-समृद्धि का भी कारक होता है। भगवान शिव के मस्तक पर चंद्रमा विराजमान हैं, जब चंद्रमा की स्थिति मजबूत होगी तो आपको भगवान शिव की पूर्ण कृपा प्राप्त होगी। चांदी का बेलपत्र जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु से भी जुड़ा होता है। इसे घर में रखने से परिवार के सदस्यों पर भगवान श्रीहरि की भी कृपादृष्टि बनी रहती है।

**नकारात्मक ऊर्जा से करता है रक्षा**

वास्तु के मुताबिक चांदी धातु में सुरक्षात्मक शक्तियां होती हैं। आपके घर की नकारात्मक ऊर्जा को इस धातु का बेलपत्र दूर करने में मदद करता है। साथ ही यह सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इसे पवित्र स्थान या मंदिर में रखना शुभ माना जाता है। चांदी का बेलपत्र घर में शांति और सद्भाव को भी बढ़ाता है। चांदी शीतलता प्रदान करती है साथ ही माहौल में सकारात्मकता बनाए रखती है। इसे घर में रखने से व्यर्थ के वाद-विवाद नहीं होते हैं।

**स्वास्थ्य और खुशहाली को देता है बढ़ावा**

वास्तुशास्त्र की मानें तो चांदी का बेलपत्र स्वास्थ्य और खुशहाली को बढ़ावा देता है। चांदी का बेलपत्र घर में रखने से परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इस बेलपक्ष से निकलने वाली सकारात्मक ऊर्जा परिवार के सदस्यों को भी ऊर्जावान बनाए रखती है। हालांकि आपको वास्तु विशेषज्ञ से सलाह लेकर इसे शुभ स्थान पर रखना चाहिए।

**चांदी का बेलपत्र रखने की सही दिशा**

पूर्व या उत्तर-पूर्व की दिशा चांदी का बेलपत्र रखने के लिए सबसे अच्छी मानी होती है। इन दिशाओं में चांदी का बेलपत्र रखने से सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित होती है। साथ ही घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। सूर्य के उगने की दिशा पूर्व है। इसलिए ऊर्जा का सबसे ज्यादा संचार इसी दिशा में होता है।

उत्तर-पूर्व दिशा को भगवान से जुड़ा होता है। इसलिए यह भी शुभ दिशा मानी जाती है। इन दिशाओं के अलावा पश्चिम दिशा में भी इसे रखा जा सकता है। आपकी कुंडली और अन्य कारकों के आधार पर यह दिशा तय होती है।

**चांदी का बेलपत्र रखने के नियम**

चांदी के बेलपत्र को साफ और पवित्र स्थान पर रखना चाहिए। इसे तिजोरी या फिर मंदिर में रखना चाहिए। चांदी के बेलपत्र को गंदगी वाले स्थान पर नहीं रखना चाहिए।

आपको अन्य चीजों की ही तरह नियमित रूप से चांदी के बेलपत्र की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। समय-समय पर चांदी के बेलपत्र की साफ-सफाई करते रहें। इस पर धूल आदि नहीं जमने देनी चाहिए।

## हैंडपंप उगल रहे दूषित पानी, भड़के लोग

लखनऊ (रायबरेली)। पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। ग्रामीणों ने पानी की पिपया लेकर न सिर्फ प्रदर्शन किया, बल्कि डीह-मऊ मार्ग पर कंटीली झाड़ियां रखकर आवागमन ठप कर दिया। करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। तहसीलदार ने पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की और समस्या दूर कराने का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

ग्राम पंचायत मऊ की आबादी पांच हजार है। गांव में लगे हैंडपंप फ्लोराइडयुक्त पानी देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बाल्टी पर पानी भरकर रखने में थोड़ी देर में पीला पड़ जाता है। एक किलोमीटर दूर साधन सहकारी समिति के पास लगे हैंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ता है। ग्रामीण हरिशंकर, मोनू, विजय, नीरज निर्मल ने बताया कि कई बार समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

इसके विरोध में अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि गांव में पानी की टंकी लगी थी, जो दो साल से खराब है। जाम की सूचना मिलने पर तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया।

**टंकी न बनने तक टैंकर से पहुंचेगा पानी**

जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर को पानी पहुंचाने का काम चल रहा है। जल निगम ग्रामीण के अधिकारियों की लापरवाही से अब तक गांव में काम ही नहीं शुरू हो पाया है। इससे लोगों में और नाराजगी है। तहसीलदार ने कहा कि जब तक पानी की टंकी नहीं बन जाती, तब तक गांव में टैंकर से पानी पहुंचाया जाएगा।

**जाम से बेहाल रहे मुसाफिर**

डीह-मऊ मार्ग पर जाम लगाए जाने से सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। बाइक सवार तक नहीं निकल पाए। भीषण गर्मी में लोग जाम में फंसे रहे। दो घंटे बाद जाम खुलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

## ऑनलाइन गेम खेलने के लिए भी ब्याज पर पैसा दे रहे सूदखोर

कानपुर। आसानी से डरा धमकाकर वसूली की वजह से सूदखोर युवाओं को टारगेट कर रहे हैं। काकादेव मामले में पीड़ित को रुपये देने वाले युवकों के ब्याज पर रकम लेने की बात सामने आई है।

ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा कारोबार के विस्तार के साथ ही अब सूदखोरों ने इसके लिए ब्याज पर पैसा बांटना भी शुरू कर दिया है। इसके लिए सूदखोर युवाओं, खासकर कॉलेज में पढ़ने या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए दूसरे शहरों से आने वालों को टारगेट कर रहे हैं।

काकादेव मामले की अबतक की जांच में भी ऐसे संकेत सामने आए हैं। पता चला है कि नाबालिग को पीटने वाले आरोपियों ने काकादेव क्षेत्र के ही एक सूदखोर से ब्याज पर रकम उठाई थी। पैसा लेते समय उन्होंने ऑनलाइन गेम खेलने के लिए ही निवेश का कारण भी बताया था।

चूंकि युवाओं को धमकाना और रुपये वसूलना आसान है, इसलिए सूदखोर इन्हें रकम देने में भी नहीं हिचक रहे।सूदखोर से गूगल पे, क्रेडिट व डेबिट कार्ड पर आनलाइन ही पांच से 10 फीसदी सूद पर रकम लेकर आन लाइन गेम पूरा करते हैं।

**सूदखोरों की वसूली और धमकियों का शिकार हो रहे हैं बच्चे**

जाहिर है कि उनके इस खेल से जहां बच्चे ऑनलाइन गेमिंग के काले कारोबार में और घुसते चले जा रहे हैं। वहीं इसमें रकम डुबोने वाले बच्चे सूदखोरों की वसूली और धमकियों का भी शिकार हो रहे हैं। गेम में ही नहीं क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन सट्टा खेला जा रहा है।

**ऐसे सूदखोरों की लाश में जुटी है पुलिस**

सट्टेबाज युवाओं को भी सूदखोर आनलाइन रकम ट्रांसफर करते हैं। सूत्रों की मानें तो बर्बता करने वाले युवाओं के मन में इस बात का भी डर था कि उन्हें रकम वापस लौटानी है और अगर वह नहीं लौटाते हैं, तो सूदखोर उनसे सख्ती कर सकता है। पुलिस अब ऐसे सूदखोरों की भी तलाश में जुटी है, जो बच्चों को ब्याज पर रकम दे रहे हैं।

**ऑनलाइन गेम में साइबर ठगी का भी हो रहे शिकार**

साइबर सेल में हर महीने सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं जिनमें बच्चे ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान परिवार के सदस्यों के यूपीआई या क्रेडिट कार्ड से पेमेंट कर साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। साइबर थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि कई गेम प्ले स्टोर से हटा दिए गए हैं, लेकिन उनको एपीके (एंड्राइड पैकेज किट) के जरिए अभी भी डाउनलोड किया जा रहा है।

## औद्योगिक गलियारे से समृद्ध होगी अमेठी : सीएम योगी



जगदीशपुर (अमेठी)। जगदीशपुर में जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक गलियारे का जिक्र करते हुए हाईवे के निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। अमेठी के लोग समृद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय मुद्दों पर जोर दिया। सड़क, बिजली से लेकर हरेक मुद्दे पर फोकस किया। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर राम मंदिर के मुद्दे को लेकर गौरीगंज के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह व रायबरेली के विधायक मनोज पांडेय का जिक्र करते हुए कहा कि इन विधायकों ने एक ऐसा काम किया है, जिस पर इनकी पीढ़ी ही नहीं, पूरा जिला नाज करेगा। यही नहीं, कहा कि पांच साल में जितने दिन स्मृति इरानी यहां आईं हैं, उतने दिन कांग्रेस की पूरी पीढ़ी यहां नहीं पहुंची है।

**हेलीकॉप्टर देखने के लिए जुट पड़ी भीड़**

मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जैसे ही आसमान में लोगों ने देखा, वैसे ही लोग भाग कर करीब से देखने के लिए पहुंच गए। हालांकि पुलिस वहां पहले से मौजूद थी, पुलिस ने पास नहीं जाने दिया, लेकिन दूर से ही लोग हेलीकॉप्टर देखने उमड़ पड़े। जनसभा के बाद हेलीकॉप्टर में सवार होते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों का अभिवादन भी किया।

**मासूम बच्चों को गोद लिए सीएम को सुनती रहीं महिलाएं**

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने वालों में महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक थी।

ग्रामीण क्षेत्र की काफी महिलाएं कार्यक्रम में पहुंची थीं। तमाम महिलाएं तो अपने मासूम बच्चों को गोद में लिए हुए धूप से उन्हें बचाते हुए मुख्यमंत्री के भाषण को बड़े चाव से सुनतीं नजर आईं। कई चलने में मजबूर बुजुर्ग महिलाएं भी वहां पहुंची हुई थी।

**सीएम के देर से पहुंचने पर जुटी रही थी भीड़**

अपने वक्त से करीब डेढ़ घंटे देरी से मुख्यमंत्री जनसभा स्थल पहुंचे थे। उनके पहुंचने से काफी पहले ही जनसभा पंडाल खचाखच भरा हुआ था। नेताओं के भाषण चल रहे थे। बीच-बीच में देश भक्ति के गीत भी चल रहे थे। शिद्दत की गर्मी थी। पंडाल के नीचे रुकना काफी मुश्किल हो रहा था। इसके बावजूद लोग डटे रहे। जगदीशपुर कस्बे से लेकर जनसभा स्थल तक आने वालों का तांता लगा रहा। भरी दुपहरी होने के बाद भी लोगों में काफी जोश था।

## सीएम योगी बोले- सपा ने युवाओं के हाथों में तमंचे तो भाजपा ने टैबलेट थमाए हैं, जीत की ओर बढ़ रही है भाजपा

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ओर जहां सरकार की योजनाएं गिनाईं, वहीं विपक्षी दलों पर हमला भी बोला। बुंदेलखंड की सियासत में बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट विशेष महत्व रखती है। इस सीट पर सभी दल जीतना चाहते है। कांग्रेस, कम्युनिष्ट, बसपा के बाद अब इस सीट पर 2014 से भाजपा का कब्जा है। एक बार फिर इस सीट पर कांटे की टक्कर है। मतदान को महज अब आठ दिन शेष बचे है। जहां प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए दिन रात लगे हुए हैं, वहीं प्रत्याशियों को जिताने के लिए सभी दलों स्टार प्रचारकों ने भी ताकत झोंक दी है। एक के बाद एक स्टार प्रचारकों के आने का सिलसिला शुरू है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अतर्रा के हिंदू इंटर कॉलेज में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करने पहुंचे। यहां उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा।

सीएम ने कहा कि सपा ने युवाओं के हाथों में तमंचे तो भाजपा ने टैबलेट थमाए हैं। भाजपा जीत की ओर बढ़ रही है। इंडी गठबंधन की सरकार बनीं तो यह लोग पहले गणना कराएंगे, बाद में जनता पर वरासत टैक्स भी लगाएंगे।

## सेंध लगा तीन घरों से चोरों ने उड़ाए जेवर

कानपुर। रैपुरा थाना क्षेत्र रामनगर कस्बे में तीन घरों में चोरों ने घर में रखे जेवर सहित 20 हजार पार कर दिए। चोर दीवार में सेंध लगाकर घुसे थे। जाते समय घर का दरवाजा बाहर से बंद कर गए।

रामनगर कस्बे में रोड किनारे फारूख खान, राजा व पप्पू का घर बना है जो तीनों भाई है। इन घरों में चोर दीवार में सेंध लगा घुस गए। घर में रखे जेवर और 20 हजार ले गए। घटना के समय परिवार के सदस्य छत पर सो रहे थे। फातिमा बेगम पत्नी राजा ने बताया कि उसके आठ हजार रुपये व जेवर ले गए। रन्नो बेगम पत्नी पप्पू खान ने बताया दस हजार व दो लाख के जेवर ले गए। इसी तरह से फारूख घर में भी पांच हजार रुपये ले गए। थानाध्यक्ष शैलेंद्र पांडेय ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम भेजकर जानकारी ली जा रही है।

## खुले में घूम रहे गोवंश बन रहे मुसीबत

आगरा घिरोर। किसानों की फसल में नुकसान पहुंचाने के साथ ही नगर में जगह-जगह घूमने वाले गोवंश मुसीबत बने हुए हैं। गोवंश से निजात दिलाने के लिए चलाए गए अभियान कारगर नहीं हुए हैं। कस्बे में चारों ओर खुले में गोवंश घूमते नजर आ रहा है। यह गोवंश राहगीरों सहित दुकानदारों के लिए परेशानी बने हुए हैं। कस्बा में गोल चक्कर से मैनपुरी रोड पर सुबह के समय तथा देर शाम दुकानदारों के दुकानों के सामने के साथ ही सड़क पर घूमते हुए गोवंश नजर आते हैं। अधिकांश दोपहिया वाहन चालक गोवंश से टकराकर घायल हो जाते हैं। राहगीर और दुकानदार परेशान रहते हैं। दुकानदारों का कहना है कि नगर में घूम रहे गोवंश के कारण दुकानों के सामने गंदगी का अंबार लगता है। दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोवंश को पकड़कर गोशाला में भेजने के लिए अभियान भी चलाया गया। लेकिन अभियान भी बेअसर ही रहा है। घिरोर के रहने वाले नेत्रपाल, गुलफान, विवेक कुमार, शिवम, सानू, प्यारे, बबलू, मनोज, अजय, अवनीश कुमार ने खुले में घूमने वाले गोवंश को पकड़वाकर गोशाला में भिजवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

## जगह के विवाद में कुल्हाड़ी से काट दी भैंस की पूंछ

मैनपुरी। थाना औंछा क्षेत्र के गांव बुढर्रा में जगह को लेकर भाइयों के बीच चल रहे विवाद में नामजद ने कुल्हाड़ी से भैंस की पूंछ काट दी। पीड़ित की ओर से आरोपी भाइयों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। औंछा थाना क्षेत्र के गांव बुढर्रा निवासी मुन्ना लाल ने बताया कि जगह को लेकर तीन भाई उनसे रंजिश मानते हैं। बुधवार को इसे लेकर भाइयों से विवाद हो गया था। बृहस्पतिवार सुबह छोटा भाई आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। फिर दूसरा भाई आया और अपने भाई से कहा कि मुन्ना लाल की भैंस तेरी जगह में बैठी है। इसी बात से गुस्साए भाई ने कुल्हाड़ी से उनकी भैंस की पूंछ काट दी। पीड़ित ने आरोपी भाइयों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## तापमान हुआ कम...उमस ने निकाला दम

### चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना...बादलों की आवाजाही तेज



कानपुर। मौसम विभाग के अनुसार, इस समय मौसमी गतिविधियां बढ़ गई हैं। असम, हरियाणा, झारखंड, राजस्थान समेत विभिन्न इलाकों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इसका प्रभाव यूपी के मौसम पर भी आएगा। बादलों की आवाजाही तेज होगी। 12 मई तक स्थानीय स्तर पर गरज-चमक के साथ बादल आएंगे।

कानपुर में बंगाल की खाड़ी से आ रहीं नम हवाओं ने तापमान तो कम कर दिया, लेकिन नमी बढ़ने से उमस बढ़ गई। वेट बल्ब तापमान होने की वजह से जितना तापमान था, उससे ज्यादा गर्मी शहरियों को लगी। लोग तपिश और उमस से बेहाल रहे।

सीएसए के मौसम विभाग प्रभारी डॉ. एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि वेट बल्ब तापमान होने पर गर्मी दो से तीन डिग्री अधिक लगती है। पसीना जल्दी सूखता नहीं है। इससे गर्मी अधिक लगती है। ऐसा माहौल सेहत के लिए भी ठीक नहीं होता।

इस मौसम में हीट एग्जॉर्शन, डायरिया, गैस्ट्रोइंटाइटिस, वायरल संक्रमण आदि के रोगी बढ़ जाते हैं। सीएसए के मौसम विभाग प्रभारी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि इस समय राजस्थान के थार मरुस्थल से आने वाली गर्म पश्चिमी हवाएं बंद हैं।

**माहौल में बढ़ गई है नमी**

इस समय बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर पूर्वी हवाएं आ रही हैं। इससे माहौल में नमी बढ़ गई है। तापमान कम हो गया, लेकिन लोगों को गर्मी अधिक लग रही है। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान सामान्य औसत से दो डिग्री सेल्सियस कम रहा है।

**बना हुआ है चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र**

इसके साथ ही रात का न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य औसत से कम हो गया है। उन्होंने बताया कि इस समय मौसमी गतिविधियां बढ़ गई हैं। असम, हरियाणा, झारखंड, राजस्थान समेत विभिन्न इलाकों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।

**बारिश की भी संभावना है**

इसका प्रभाव यूपी के मौसम पर भी आएगा। बादलों की आवाजाही तेज होगी। 12 मई तक स्थानीय स्तर पर गरज-चमक के साथ बादल आएंगे। धूल भरी आंधी चलेगी। इसके साथ ही बारिश की भी संभावना है। माहौल में उमस और बढ़ने के आसार हैं। इससे गर्मी परेशान करेगी।

**गर्मी लगने के रोगी बढ़े**

उमस भरी गर्मी बढ़ने के साथ हीट एग्जॉर्शन के रोगी बढ़ गए हैं। गर्मी लगने से रोगियों के शरीर में पानी और नमक की कमी हो रही है। इसके अलावा हैलट की ओपीडी में डायरिया, गैस्ट्रोइंटाइटिस, वायरल संक्रमण आदि के रोगी आए। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संचारी रोग अभियान के नोडल डॉ. बीपी प्रियदर्शी का कहना है कि इस मौसम में डायरिया और गैस्ट्रोइंटाटिस आदि के रोगी बढ़ते हैं। लोग गर्मी से बचाव करें और शरीर में पानी की कमी न होने दें।

## दिन का तापमान 45 डिग्री रहने के आसार, लू भी चलेगी, रात को मिलेगी थोड़ी राहत



लखनऊ। सहित आसपास के इलाकों में तेज धूप रहेगी। दिन का तापमान 45 डिग्री के करीब रहेगा। हालांकि, रात को थोड़ी राहत मिल सकेगी।

यूपी में दिन के तापमान में क्रमिक वृद्धि के साथ लखनऊ का अधिकतम तापमान फिर से रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ चला है। लखनऊ व आसपास के जिलों में बृहस्पतिवार को दिन का पारा 42.4 डिग्री रहा व रात का पारा न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। दिन के पारे मे एक डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हुई लेकिन रात का पारा एक डिग्री के करीब गिरा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 41.2 और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री था।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 18 से 20 मई के बीच विकसित हो रहा सिस्टम लू के आसार जता रहा है। लखनऊ समेत आसपास के इलाकों में भी लू चल सकती है।

**दोपहर में बढ़ना शुरू हुआ पारा**

सुबह 10 से 12 बजे के बीच दिन का तापमान 37 डिग्री से 39 डिग्री के बीच रहा। जबकि 12.30 से पारा 40 डिग्री हुआ और फिर बढ़ता रहा और 42.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

**दोपहर में राह चलना हुआ मुश्किल**

बृहस्पतिवार की सुबह से ही धूप का तीखापन महसूस हो रहा था। सुबह के 10 बजे के आसपास ही दोपहर जैसा महसूस होने लगा। आसमान साफ रहने के कारण धूप की ज्यादा तेज थी।

**45 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा**

मौसम विभाग के पूर्वानुमानों पर गौर करें तो इस सप्ताह दिन का पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है और उसी दौरान लू चलने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान 43 से 45 और रात का पारा 27 से 29 के बीच रहने के आसार हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले- चार चरणों के बाद इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में



लखनऊ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया और दावा किया कि अभी तक हुए चार चरणों के चुनाव में इंडिया गठबंधन काफी आगे है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के बारे में जानकारी देते हुए की।

उन्होंने कहा कि अब तक चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं। इंडिया गठबंधन काफी आगे है। जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है। कहा कि ये चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ वो लोग हैं जो कुछ अमीरों के लिए धर्म का इस्तेमाल करके लड़ रहे हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं जो कि देश के गरीबों के लिए और युवाओं के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई आरक्षण और संविधान बचाने की लड़ाई है। ये चुनाव को देश के भविष्य और संविधान को बचाने के लिए है। संविधान बचेगा तो ही आरक्षण भी बचेगा। उन्होंने कहा कि तानाशाही में लोगों के वोट देने का अधिकार भी सुरक्षित नहीं रहेगा। भाजपा के लोग प्रत्याशियों को डराकर नामांकन दाखिल नहीं करने दे रहे हैं। हैदराबाद में भाजपा प्रत्याशी मुस्लिम महिलाओं का बुर्का हटाकर देख रही है। यहां तक की बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भी डराया जा रहा है। इन सबके बावजूद इंडिया गठबंधन आगे है। भाजपा काफी पीछे है। खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने संविधान को बदलने की बात की थी। भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बात करते रहते हैं लेकिन इन सब लोगों को मोदी कभी नहीं मना करते हैं।

**जातीय जनगणना हमारा एजेंडा**

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम सत्ता में आने पर जातीय जनगणना कराएंगे। इससे लोगों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति का अंदाजा लगेगा। ये हम देश को कमजोर करने के लिए नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमारे घोषणा पत्र के बारे में झूठ फैला रहे हैं। वो बताते हैं कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का सर्वे करवाएगी। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज करते हुए कहा कि वो जितना कांग्रेस को गाली देते हैं उतना तो राम का नाम नहीं लेते हैं।

**हम सत्ता में आएंगे तो पांच की जगह 10 किलो अनाज देंगे**

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि देश के 80 करोड़ गरीबों को हम मुफ्त अनाज दे रहे हैं। उन्होंने ये नहीं बताया कि खाद्य सुरक्षा कानून तो हम लेकर आए। इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी तो हम 10 किलो अनाज देंगे। हमने कर्नाटक में किया है तेलंगाना में किया है।

**भाजपा का झूठ जितना परवान चढ़ना था चढ़ चुका है**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का झूठ जितना परवान चढ़ना था चढ़ चुका है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। 4 जून को प्रेस की स्वतंत्रता का भी दिन होगा। भाजपा 140 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। उनका रथ फंसा ही नहीं धंस गया है। वो अपने ही नकारात्मक नैरेटिव में फंस गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन यूपी में 79 सीटें जीत रहा है और क्योटो (काशी) में लड़ाई में है। 4 जून को किसानों की सरकार बनेगी। बेरोजगार युवाओं की सरकार बनेगी।

बसपा द्वारा इंडिया गठबंधन के खिलाफ प्रत्याशी चुनाव में उतारने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मैं यही अपील करूंगा कि बहुजन समाज के लोग जो बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर में आस्था रखते हैं, जो उनके बनाए हुए संविधान को बचाना चाहते हैं वे अपना वोट खराब न करें। इंडिया गठबंधन की मदद करें जिससे लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके।

## दिन में भी सुरक्षित नहीं घर

आगरा। दिन में भी मकान सुरक्षित नहीं हैं। ट्रांस यमुना कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरों ने मकान के ताले तोड़कर 9 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। आगरा के ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में शनिवार की दोपहर बंद मकान में चोरी हुई। छत के रास्ते कमरे में घुसे चोर करीब 9 लाख का माल समेट ले गए। पुलिस केस दर्जकर सीसीटीवी फुटेज की मदद ले रही है। फाउंड्री नगर के भगवती बाग निवासी रंजीत एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। वह तीन भाई हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को दोनों भाई नौकरी करने गए थे। पत्नी मायके में है। दोपहर एक बजे वह मां को लेकर गैस एजेंसी पर केवाईसी कराने गए थे। घर के मेन गेट और कमरों में ताला लगा था। अपराह्न 3 बजे लौटे तो ताले टूटे थे। अलमारी देखने पर पता चला कि चोर लॉक तोड़कर सोने चांदी के गहने के साथ 20 हजार रुपये भी ले गए। जिनकी कीमत करीब 9 लाख रुपये है।

## पैसा न देने पर पुत्रों ने पिता को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला

लखनऊ। पेड़ काटने के बाद मिले पैसे न देने पर दो पुत्रों ने अपने पिता को पीट-पीटकर मार डाला। सिर पर लाठी लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सीतापुर जिले के सकरन थाना क्षेत्र में पैसों के विवाद में पुत्रों ने लाठी डंडों से पीट कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के मुर्थना गांव निवासी रामऔतार (60) ने बृहस्पतिवार को अपने खेत में लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ों को 22 हजार में बेंचा था। रात को रामऔतार के पुत्र राजू व ओमकार ने अपने पिता से पेड़ों के पैसे मांगे तो उसने पैसे देने से इनकार कर दिया जिससे गुस्साए दोनों पुत्रों ने देर रात अपने पिता रामऔतार को लाठी डंडों से मारा पीटा। सिर पर लाठी लगने की वजह से रामऔतार की मौके पर ही मौत हो गयी।

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मृतक का एक लड़का लखनऊ में काम करता है।

मृतक की माली हालत ठीक नहीं है। मात्र दो बीघा जमीन है। पूरा परिवार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है।

एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि पैसों के विवाद ने लड़कों की पिटाई से मौत हुई है। दोनों लड़कों को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो भाईयों समेत तीन को वाहन ने कुचला, दो की दर्दनाक मौत

फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर खागा कोतवाली क्षेत्र के बाला का पुरवा मजरे उमरा गांव के सामने ट्रैक्टर की मरम्मत कर रहे दो भाईयों समेत तीन लोगों को एक तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। शव को रात में मोर्चरी भेजा गया और घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के इरादतपुर धर्मंगदपुर गांव निवासी रिंकू यादव (27), अपने भाई बड़े भाई जनेश उर्फ कज्जल यादव (35) और साथी हथगाम थाना क्षेत्र के बिछहर गांव निवासी शंकर रैदास (40) के साथ रविवार की रात को अपने ट्रैक्टर में गेहूं लादकर घर लौट रहा था। रिंकू यादव व शंकर साथ में गेहूं की कतराई आदि से जुड़ा काम करते हैं। रात्रि करीब साढ़े 11 बजे बाला का पुरवा के पास अचानक ट्रैक्टर बंद हो गया तो रिंकू ने ट्रैक्टर को हाईवे के किनारे खड़ा कर दिया। तीनों लोग सड़क की तरफ खड़े होकर मरम्मत में जुट गए। इस दौरान फतेहपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने तीनों को टक्कर मार दी और कुचलते हुए निकल गया। हादसे में रिंकू यादव और उसके साथी शंकर रैदास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जनेश उर्फ कज्जल घायल हो गया। हादसे की खबर पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल जनेश को लेकर हरदो सीएचसी आए। जहां से उसे रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे फतेहपुर के किसी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक रिंकू के चाचा सुमेर सिंह ने कोतवाली में हादसे की तहरीर दी है। इंस्पेक्टर खागा तेज बहादुर सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की खोजबीन कराई जा रही है।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

पत्र सं- JHS/Commercial/E-Auction/24/17 दिनांक: 21.05.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)- झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| श्रेणी | एसेट्स डिटेल्स |
|---|---|
| पार्किंग | झाँसी मण्डल के अलग अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पार्किंग के ठेके हेतु:- 1. NSG-2 :- GWL (WEST). 2. NSG-4 :- DATIA(E), CKTD |
| कैटलॉग संख्या झाँसी-पार्किंग-17 | |

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय:** दिनांक 04.06.2024 को समय-11:00 से, **ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय:** दिनांक 04.06.2024 को समय-11:50 तक **नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 897/24(K)

@CPRONCR @northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

पत्र सं- C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2024 दिनांक : 21.05.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

श्रेणी : MSS-JHS-GWL-WVM-23-23-1 (Misc-Static-Service-Water Vending Machines)

कैटलोग संख्या : 2024-WVM-GWL-01 | क्लस्टर/यूनिट्स (स्टेशन) क्लस्टर-06-यूनिट (ग्वालियर)

एसेट्स डिटेल्स : झाँसी मंडल के ग्वालियर स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी

| यूनिट का नाम | प्लेटफार्म | लोकेशन |
|---|---|---|
| GWALIOR - 01 | 1 | Near Pillar No. 1013A JHS end |
| GWALIOR - 02 | 1 | Near FOB AGC end |
| GWALIOR - 03 | 2/3 | Between Pillar No. 22 & 20 JHS end |
| GWALIOR - 04 | 2/3 | Near Pillar No. 94 AGC end |
| GWALIOR - 05 | 4 | Near Pillar No. 14 JHS end |
| GWALIOR - 06 | 4 | Near Pillar No. 41 AGC end |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय :** दिनांक 03.06.2024 को समय - 10:30 से

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय :** दिनांक 03.06.2024 को समय - 11:00 तक

**नोट :** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 901/24(AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष के ज्येष्ठ भ्राता रहस्यमय ढंग से गायब

हमीरपुर। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू के ज्येष्ठ भ्राता गोपाल दास साहू रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय के निकट निवासी लक्ष्मी रतन साहू के ज्येष्ठ भ्राता गोपाल दास साहू परचून की दूकान संचालित कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आज सुबह वह परिवार वालों को मार्निंग वाक करने की बात कह कर घर से बाहर निकल गये थे। इसके बाद वे घर वापस नहीं आये जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार वालों ने बताया कि वे विगत वर्षों से बीमार चल रहे थे। जिससे वे रोज की भांति मार्निंग वाक में निकले थे।

### कस्बे की ओपीडी दुरस्त ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल

सुमेरपुर। मौसम में हुए बदलाव से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में उल्टी दस्त बुखार के मरीजों में जोरदार इजाफा हुआ है। ओपीडी खुलते ही मरीजों से अस्पताल भर जाते हैं। कस्बे में डॉक्टर समय पर ओपीडी में आ रहे हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की ओपीडी डॉक्टरों के बजाय फार्मासिस्टों एवं वार्ड ब्वायों के सारे संचालित हो रही है। कस्बे की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों को देखा जा रहा है। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी के हालात बेहतर हैं। ओपीडी में डॉक्टर समय पर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ओपीडी में डा. विश्वेंद्र कुमार, डा. परवेज कादरी, डा. शमा परवीन समय पर मौजूद थीं। यहां पर सुबह से मरीजों का तांता लगा हुआ था। उल्टी दस्त के मरीजों से अस्पताल के बेड फुल थे। यहां प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के हालात बदतर हैं। विदोखर, कलौली जार, पचखुरा महान, मौहर, पत्योरा पीएचसी डॉक्टर विहीन हैं। यहां पर फार्मासिस्ट एवं वार्ड बॉय अस्पताल चला रहे हैं। सरकार की तरफ से आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों में डॉक्टरों की उपस्थिति कुछ समय के लिए कभी कभार हो जाती है बाकी दिनों की व्यवस्था राम भरोसे है। इसलिए यहां मरीजों की संख्या नगण्य रहती है।

### इस सप्ताह मनाए जाएंगे सय्यद बाबा और दीवान शहीद बाबा के उर्स

मौदहा ।कस्बे के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत दीवान शहीद बाबा और हजरत सय्यद बाबा के सालाना उर्स इस सप्ताह मनाए जाएंगे जिनके कार्यक्रम भी लगभग एक साथ ही आयोजित किए जाने हैं।

कस्बे के स्टेशन रोड स्थित हजरत सय्यद बाबा का 39वां सालाना उर्स हर साल की तरह इस साल भी 28,29,30 मई को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें मजार पर कुरआन ख्वानी, लंगर, चादर पोशी और कव्वालियों के साथ ही कुल शरीफ की फातिहा के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।उर्स कमेटी के अध्यक्ष इददू पहलवान ने अधिक से अधिक लोगों से उर्स के सभी प्रोग्रामों में शामिल होने की अपील की है।वहीं कस्बे के मोहल्ला बाघू स्थित हजरत दीवान शहीद बाबा का सालाना उर्स 29,30,31 मई को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें मीलाद, कव्वाली, चादरपोशी, लंगर सहित कुल की महफिल के प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे।कमेटी की ओर से इश्तहार जारी कर अधिक से अधिक लोगों से उर्स के सभी प्रोग्रामों मे हिस्सा लेने की अपील की गई है।

### शीशम का पेड़ काटने का मामला दर्ज,ट्रैक्टर सीज

मौदहा । गैंगस्टर एक्ट के आरोपी के सहयोग से शीशम का पेड़ काटने का मामला सामने आने के बाद पहुंची वनविभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्राली सीज कर मामला दर्ज किया है हालांकि चालक ट्रैक्टर छोड़ कर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया है। बीते दो दिन पहले वन विभाग मौदहा को सूचना मिली थी कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी आफताब अपनी दबंगई के बल पर शीशम का पेड़ कटवा रहा है।सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर मौके से फरार हो गया जिसे वनविभाग की टीम ने सीज कर दिया।और वन संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।इस सम्बंध में वन क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि उन्हें शीशम का पेड़ काटने की सूचना मिली थी जिसपर पहुंच कर ट्रैक्टर ट्राली सीज की गई है और मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर हुए ग्रहे ग्रहे गायत्री यज्ञ

हमीरपुर। गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार घरों पर एक साथ एक समय सुबह 9 से 12 बजे के बीच गृहे - गृहे गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसमें विभिन्न परिजनों ने अपने अनुसार गायत्री महायज्ञ किया और यज्ञ भगवान, मां गायत्री और परमपूज्य गुरु सत्ता से सबके कल्याण, सुख समृद्धि की शुभकामना की। जिसमें सभी युवा, प्रज्ञा, महिला एवं वरिष्ठ परिजनों का सहयोग रहा।

### तेज रफ्तार बाइक से गिरकर महिला घायल

राठ।कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गांव के पास तेज रफ्तार बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा आनन फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गांव की निवासी महिला संपत रानी पत्नी वीरपाल जो कि अपने भतीजे के साथ राशन लेकर वापस अपने घर जा रही थी तभी रास्ते में जखेड़ी गांव के पास ही अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बैलगाड़ी में ट्रक ने मारी टक्कर दो घायल बैल मरा

सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम भौनिया से अरहर की खाडू लादकर पाटनपुर जा रहे बैलगाड़ी में नेशनल हाईवे पर जेके सीमेंट के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में एक बैल की मौत हो गई और बैलगाड़ी में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। भौनिया गांव निवासी दीबिया कुशवाहा गांव निवासी भालू बेरिया के साथ गांव से बैलगाड़ी में खाडू लादकर रिश्तेदारों को देने मौदहा क्षेत्र के पाटनपुर गांव जा रहा था। सुबह करीब आठ बजे नेशनल हाईवे 34 पर सीमेंट फैक्टरी के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। इस घटना में एक बैल की मौके पर मौत हो गई। दूसरा बैल घायल हो गया। वहीं बैलगाड़ी में सवार दीबिया व भालू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। भालू बेरिया की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसका एक हाथ ट्रक के नीचे आने से बुरी तरह से कुचल गया है। चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला।

### बीच बचाव करने पर युवक को पीटा

सुमेरपुर। बीच बचाव करने पर तीन लोगों ने घर में घुसकर युवक को जमकर मारा पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टेढ़ा गांव निवासी रणविजय सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोसी बबलू सिंह, कल्लू सिंह,अनमोल सिंह मेरे चचेरे भाई भोला सिंह के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसने ऐसा करने से रोका तो यह तीनों उसके घर के अंदर घुस आए और गाली गलौज करते हुए जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने पुलिस को न्याय की गुहार लगाई है।

## पीएमश्री विद्यालयों को मिले 77.39 लाख

**पहले चरण में चयनित आठ विद्यालयों को योजना के तहत कराया जा रहा कायाकल्प**



हमीरपुर। पीएम श्री योजनान्तर्गत जिले के आठ विद्यालयों के लिए शासन ने द्वितीय किस्त जारी कर दी है। जिसके तहत 77.39 लाख की धनराशि मिली है। जबकि प्रथम किस्त के रूप में पूर्व में 38.69 लाख मिल चुके हैं। जिससे इन विद्यालयों में 25 फीसदी काम पूरा हो चुका है। धनराशि मिलने से जल्द ही इन विद्यालयों का निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

योजनान्तर्गत जनपद के 258 विद्यालयों ने आवेदन किया था। जिनमें पास हुए 194 विद्यालयों में से मात्र आठ को योजना में शामिल किया गया था। जिसमें कंपोजिट विद्यालय जराखर, बसेला, आचार्य नरेंद्र देव नगर राठ, प्राथमिक वि. अनुसूचित जाति बस्ती सुमेरपुर, कंपोजिट विद्यालय बदनपुर, नरायच, मनकी खुर्द व परछा सरीला का चयन हुआ था। इन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अत्याधुनिक सुविधाओं से संतृप्त करते हुए पीएम श्री विद्यालयों के रूप में विकसित किया जाना है। शासन ने पिछले वर्ष प्रथम किस्त के रूप में 25 फीसदी 38.69 लाख की धनराशि जारी की थी। जिसके तहत सात दिव्यांग शौचालय, आठ कक्षा कक्ष व पांच बाल वाटिका का कार्य पूरा कराया गया है। वहीं अभी हाल ही में शासन ने योजना के तहत कुल बजट का 50 फीसदी 77.39 लाख की धनराशि और जारी कर दी है। जिससे इन विद्यालयों का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है।

**दूसरे चरण में आठ विद्यालय और चयनित**

वही नए सत्र में शासन ने योजनार्न्तगत आठ विद्यालयों का और चयन किया है। इनमें प्राथमिक विद्यालय कुरारा, प्रा. वि. रमेड़ी, कंपोजिट विद्यालय कलौलीजार, गढ़ा, कुसमरा, झिन्नावीरा, प्रा. वि. मसगांव व गोहांड का अमूंद विद्यालय का चयन किया गया है।

योजनार्न्गत प्रथम चरण में चयनित आठ विद्यालयों की द्वितीय किस्त की धनराशि आ गई है। कहा कि अभी तक इन विद्यालयों का 25 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। द्वितीय किस्त मिलने से जल्द ही अन्य शेष कार्य पूरे कराए जा रहे हैं। कहा कि दूसरे चरण में आठ और विद्यालयों का चयन किया गया है।

**- आलोक सिंह, बीएसए**

## आत्महत्या को उकसाने में दोषी पति को सात वर्ष का कठोर कारावास

- **अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर करते थे प्रताड़ित, अदालत ने दोषी पर पांच हजार का लगाया अर्थदंड**

हमीरपुर। आत्महत्या को उकसाने के साढ़े 14 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार की अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी पति को सात वर्ष की कैद व पांच हजार जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जबकि सास की मुकदमा दौरान मौत हो गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद फतेहपुर थानाक्षेत्र हुसैनगंज के असनी गांव निवासी मृतका के चाचा छोटेलाल ने सुमेरपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया था, कि उसने अपनी भतीजी रीता की शादी कस्बा मोहल्ला धर्मेश्वर बाबा निवासी राजेश उर्फ राजू सोनकर के साथ वर्ष 1998 में की थी। बताया कि भतीजी को शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालीजन पति व ससुर गयाचरन, सास सुमित्रा, देवर रामप्रताप आदि अतिरिक्त दजेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। कई बार भतीजी को समझा बुझाकर उसे ससुराल भेज देते थे। साथ ही आस पास के लोगों को बुलाकर पंचायत कराई, लेकिन उनपर कोई असर नहीं हुआ। बताया कि उनकी प्रताड़ना से तंग आकर भतीजी ने छह जून 2009 को आग लगा लिया, जिससे वह गंभीर रूप से जल गई। जिसकी कानपुर हैलट में आठ जून को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में विवेचक ने पति व सास के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी पति राजेश उर्फ राजू को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जबकि सास सुमित्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## कल से शुरू होगा नौतपा, 46 डिग्री पार बढ़ सकता पारा

**बन रहा अंगारक योग : नौ दिन पूरे शबाब में रहेगी गर्मी, 46 डिग्री के पार पहुंच सकता पारा**

हमीरपुर। कल से नौतपा लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार माना जाता है कि नौतपा के दौरान लगातार नौ दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप रहता है। इस बार आखिरी दो दिन आंधी की भी संभावना जताई जा रही है।

तापमान 46 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। ऐसे में लोगों को गर्मी से अभी निजात मिलती नहीं दिख रही है।

ज्योतिषाचार्य आचार्य उमेश शुक्ला ने बताया कि 25 मई की रात सवा तीन बजे से सूर्य कृतिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे और नौ दिन तक सूर्य अत्यधिक ताप पर रहेंगे। इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ेगा। दो जून को मृगशिरा नक्षत्र में पहुंचने के बाद सूर्य का ताप कुछ कम हो जाएगा। इस बीच 31 मई तक मंगल और राहु भी एक साथ युति में हैं। जिसके चलते अंगारक योग भी बन रहा है। अंगारक और नौतपा योग एक साथ होने के कारण चिड़चिड़ेपन की घटनाएं बढ़ती हैं। इस बीच आंधी और तूफान की स्थिति भी बन रही है।

केवीके वैज्ञानिक डॉ. शालिनी ने बताया कि मौसम विभाग की जारी एडवाइजरी के मुताबिक 25 मई से पारा और चढ़ा सकता है। चार जून तक 46 पार पहुंच सकता है। जिससे गर्मी और बढ़ सकती है।

बताया कि गुरूवार को अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा है। हवा 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती रहीं। गर्म हवाएं चलने से लोग परेशान दिखे। शुक्रवार को तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। हालांकि हवा की रफ्तार में तीन किलोमीटर प्रतिघंटा की बढोत्तरी होने की उम्मीद है। 26 मई के बाद तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होने की संभावना जताई है।

## पंचायत भवन के शौचालय की छत से गिरकर ट्रैक्टर चालक की मौत

मौदहा ।अपने मित्र के साथ उसकी ससुराल आया ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में सोते समय पंचायत भवन के शौचालय की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। ललपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम उजनेड़ी निवासी कामता पाल (28)पुत्र रतनपाल अपने मित्र भैंसता निवासी तेज प्रताप वर्मा उर्फ तेजा के साथ उसकी ससुराल भैंसता निवासी लल्लूराम पुत्र रामसनेही के यहां पर बीती रात आए थे चूंकि दोनों लोग ट्रैक्टर चालक हैं इसलिए काम कराने के चलते आए हुए थे और रात में खाना खाने के बाद नशा कर गांव के पंचायत भवन की छत पर सो रहा था।तभी सम्भवतः रात में पेशाब करने के लिए उठा होगा और संतुलन बिगड़ जाने के कारण गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने ट्रैक्टर चालक को मृत घोषित कर दिया।अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।मृतक ट्रैक्टर चलाकर परिवार चलाने का काम करता था जो अपने पीछे पत्नी सहित दो मासूम बच्चे छोड़ गया है।घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और रो रो कर बुरा हाल है।

## समझौता न करने पर स्वजनों ने जान माल की धमकी देने का लगाया आरोप, की शिकायत

राठ। रंगदारी कायम करने के लिए आधा दर्जन युवकों की मारपीट से दलित युवक की मौत हो गई थी। मृतक की मां ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त आरोपित राजीनामा न करने पर धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के ददरी गांव निवासी तुलसिया ने बताया कि उसके 25 वर्षीय पुत्र मुकेश की 9 मई को गांव की निशा व उसकी मां शिला ने बुलाया और घर ले गए थे। जहां पर पहले से घात लगाए बैठे गांव के महिलाओं सहित आठ लोग ने हथौड़ा व कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से मारपीट कर दी थी। खून से लथपथ पुत्र मुकेश को घर के बाहर फेंक गए थे।घायल मुकेश को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उरई, झांसी और फिर ग्वालियर रेफर किया गया था। जहां 14 मई को ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसने गांव की निशा, शीला, मातादीन, मलखान, गोविन्द, पप्पू, देवीदीन, औड़ेरा गांव निवासी अरविंद के विरुद्ध बालवा, मारपीट और हरजन एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि आरोपित पुत्र का इलाज कराने ग्वालियर ले गए थे। जहां मौत के बाद उसके शव को गांव में जलने नहीं दिया और उसके शव को राठ के मोक्षधाम में फेंककर भाग गए थे। बताया कि उक्त लोग अब राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसपी से उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## हादसों को दावत दे रहीं 11 हजार वोल्टेज की लाइनें

- **चरखारी रोड़ पर कबीर मंदिर के पास नीचे लटकी हाईटेंशन लाइन**
- **स्टेट बैंक तिराहे से कोटा बाजार जाने वाले मार्ग पर भी नीचे लटकी लाइनें**




राठ (हमीरपुर)। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी के चलते कस्बे के विभिन्न स्थानों पर हाईटेंशन लाइनें लटकी हुई हैं। जो कभी भी टूटकर हादसों को दावत दे सकती हैं। समय रहते यदि इन लाइनों को सही नहीं कराया गया तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला में कबीर चौपरा मंदिर के जाने वाले रास्ते में 11 हजार की केबिल एक टावर में गई है। इस समय केरल का यह हाल हो गया है कि खंबे से काफी नीचे लटक गई है। केबिल के नीचे लटकने से कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। आलम यह है कि यदि कोई वाहन सड़क से गुजरता है तो केबिल उसमें छू जाती है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों को केबिल ऊंचा करने के लिए कहा गया लेकिन उनके कानों में जूं तक नहीं रेंगी। इसी तरह से स्टेट बैंक तिराहे से कोटबाजार जाने वाले भीड़भाड़ वाले मार्ग के ऊपर से निकली एचटी लाइन के तार भी नीचे लटकने लगे हैं। बुधवार की शाम एक वाहन के निकलने से तार टकरा गए और लाइन फाल्ट हो गई। दुकानदारों ने बताया कि आग लगने से घटना बचते बचते बची। पावर कारपोरेशन की इस लापरवाही पूर्ण कार्यप्रणाली से लोगों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में पावर कारपोरेशन के अधिशाषी अभियंता राजकुमार का कहना था कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। वह इस मामले को देखकर उसकी व्यवस्था करायेंगें।

## संदिग्ध अवस्था में कुंए में कूदकर महिला ने की आत्महत्या

- **पिता ने लगाया हत्या कर शव को कुंए में फेंकने का आरोप**
- **पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम**

राठ । मझगवां थाने के गिरवर गांव में बुधवार की रात एक महिला ने गांव में बने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब महिला को कुए में देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन महिला को कुए से बाहर निकाल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। महिला की मौत पर मायके पक्ष के लोगों ने सीएचसी पहुंच कर जमकर हंगामा काटा। महिला के पिता ने ससुरालीजनों के ऊपर मारपीट कर हत्या करने और बाद में कुए में फेंकने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

मुस्करा थाने के तुरना गांव निवासी महेश्वरी पुत्र चिन्ना राजपूत ने बताया कि उसने अपनी पुत्री रामदेवी की शादी मझगवां थाने के गिरवर गांव निवासी मई 2018 में रामेंद्र राजपूत पुत्र विपिन के साथ की थी। बुधवार की रात करीब 8 बजे रामदेवी ने गांव में बने कुए में कूद गई। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो सनसनी फैल गई। महिला के परिजनों ने आनन फानन रामदेवी को कुए से बाहर निकाल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि ससुरालीजन पिछले काफी समय से दहेज की मांग करते आ रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर रामदेवी को प्रताड़ित करने लगे थे। आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी पुत्री की हत्या कर कर कुए में फेंक दिया। वहीं मझगवां थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी। घटना के कारणों को लेकर परिजन चुप्पी साधे हुए थे।

## सपाइयों की शिकायत व आयोग की फटकार के बाद मंडी की आपूर्ति हुई चकाचक

सुमेरपुर। सपाइयों की शिकायत एवं चुनाव आयोग की फटकार के बाद नवीन गल्ला मंडी की विद्युत आपूर्ति को अधिकारियों ने चकाचक बना दिया है। बीती रात एक मिनट के लिये भी विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हुई।

मतदान के बाद नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूमों में रखी गई ईवीएम की सपाई रात दिन मौजूद रहकर प्रशासन के साथ कड़ी निगरानी कर रहे हैं। मंगलवार को रात में दो बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन चुनाव आयोग के लखनऊ एवं दिल्ली के दफ्तरों में बाधित हुई। इसको संज्ञान में लेकर आयोग के अधिकारियों ने जिला प्रशासन को कडे निर्देश दिए थे। उधर सपाइयों ने एडीएम के पास शिकायत दर्ज कराकर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की थी। बुधवार को देर शाम जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नवीन गल्ला मंडी का दौरा करके अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए थे। इसके बाद बुधवार/गुरुवार की रात आपूर्ति में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ है। नवीन गल्ला मंडी में विद्युत विभाग की टीम लगातार कैंप कर रही है। उधर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, मुन्नीलाल निषाद, सुरेन्द्र सिंह यादव, अनार सिंह, ओमप्रकाश वारसी, मेजर जावेद पहलवान, स्वनेश सोनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी आदि मौजूद रहकर रात भर निगरानी कर रहे हैं।

## एल्डर्स कमेटी की बैठक में मतदाता सूची को निर्गत करने का प्रस्ताव पारित

**27 को नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन होगा**

हमीरपुर ।जनपद न्यायालय परिसर में स्थित बार भवन में चेयरमैन एल्डर्स कमेटी की बैठक कमेटी अध्यक्ष जयकरन सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें की प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में पूर्व अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वारा बनाए गए सदस्यों की सूची एवं शुल्क जमा कर दिया है। सूची को शामिल करने के बारे में निर्णय व विचार प्रस्ताव पर सदस्यों द्वारा विचार किया गया। सभी एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव अधिकारीगण ने सर्वसम्मति से यह निर्णय किया कि अध्यक्ष द्वारा दी गई सूची को स्वीकार किया जाता है। तथा सभी को मतदान का अधिकार दिया जाता है। उनकी मतदाता सूची को अपनी मतदाता सूची में शामिल किया जाए और दोनों सूचियों को मतदान के समय उपयोग किया जाए। वही सदस्य जगदीश नारायण शर्मा ने मतदाता सूची को स्वीकार करने में असहमति व्यक्त की। शेष अन्य सभी एल्डर्स कमेटी के सदस्यों ने सूची को स्वीकार करने में सहमति व्यक्त की। मतदान 27 मई को सन्पन्न होने पर सहमति दी। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के अन्ती कुमार सिंह, सुरेन्द्र दत्त पाठक के साथ चुनाव पदाधिकारी देवी चरन मिश्रा, अल्ताफ हुसैन, महिपाल प्रजापति, देव सिंह यादव, मथुरा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## मतदान की गोपनीयता भंग करने का मामला दर्ज

हमीरपुर। मतदान के दौरान ईवीएम व वीवी पैट से निकलने वाली पर्ची की फोटो खींचकर सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ललपुरा थानाक्षेत्र के नदेहरा गांव निवासी शिक्षक प्रमोद कुमार प्रजापति ने बिवांर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह उच्च प्रा. विद्यालय मवइया नरायच में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है। बताया कि उसकी ड्यूटी लोकसभा चुनाव में पीठासीन अधिकारी शाश्वत शान्ति इंटर कॉलेज उमरी बूथ संख्या 375 पर लगी थी। तभी संजय कुमार उर्फ ठाकुर जानू सिंह निवासी उमरी बूथ पर मतदान करने के लिए आया। मतदान करने के दौरान उसने ईवीएम व वीवी पैट की निकली पर्ची की फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसने मतदान की गोपनीयता भंग कर दी। जो निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के प्रतिकूल है। मामले में बिवांर पुलिस ने आरोपी संजय के खिलाफ मतदान की गोपनीयता भंग करने का मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

**दैनिक विश्व परिवार**

संस्थापक : **कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन**
(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)
मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-४६, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-४६, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।
**सम्पादक : प्रवीण कुमार जैन**
स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,
समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
डाक पंजीयन एल. 2-12/516
आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77
**मो.-9450071632, 9415073930**
E-mail : dvp.jhs@gmail.com

# एसपी के सुरक्षा दस्ते की गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त

- नशे में धुत दिव्यांग शराबी ट्रैक्टर ड्राइवर भी घायल, ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त

**ललितपुर।** हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव मैं इस्तेमाल होने वाली ईवीएम मशीन को अमरपुर मंडी के स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। इन ईबीएम मशीनों का इस्तेमाल 4 जून को होगा, जब मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। इस समयाअंतराल के बीच इबीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है, जिनकी निगरानी प्रतिदिन पुलिस अधीक्षक करते हैं। ईवीएम मशीन की निगरानी करने के लिए बुधवार को शाम पुलिस अधीक्षक अमरपुर गल्ला मंडी गए हुए थे और वहां से निरीक्षण के बाद रात्रि करीब 9ः00 बजे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी सुरक्षा में चल रही पुलिस एस्कॉर्ट्स की कार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिस कारण कर क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में नशे में धुत ट्रैक्टर चालक चोटिल हुआ, लेकिन सुरक्षा दस्ते की कार के एयरबैग खुलने से सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। हालांकि दो पुलिसकर्मी मामूली रूप से चोटिल हुए। सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां प्रार्थीमिक उपचार के बाद सभी को घर जाने की इजाजत दी गई।

बुधवार को रात्रि करीब 9 बजे जब पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक अमरपुर गल्ला मंडी स्थित एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अपने निवास पर लौट रहे थे। अभी उनकी गाड़ी और सुरक्षा दस्ते की कार हवाई पट्टी के नजदीक पहुंची ही थी, कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार नियंत्रण ट्रैक्टर में सुरक्षा दस्ते की कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हुआ और ट्रैक्टर चालक भी चोटिल हुआ। बताया गया है कि ट्रैक्टर चालक दोनों पैरों से दिव्यांग होते हुए भी ट्रैक्टर चला रहा था और शराब के नशे में धुत भी था। जब कार की लाइट की रोशनी उसके आंखों पर पड़ी, तो वह चकमाका गया और उसे कुछ समझ में नहीं आया, साथ ही ट्रैक्टर पर से उसका नियंत्रण हट गया और अनियंत्रित ट्रैक्टर सुरक्षा दस्ते की कर से जा टकराया। हालांकि इस दौरान गाड़ी के एयरबैग खुलने से उसमें सवार पांचो पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। हालांकी दो पुलिस कर्मी मामूली चोटिल हुए। तीनों चोटिलों को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। मेडिकल कराने के दौरान यह भी जानकारी हुई कि दिव्यांग ट्रैक्टर ड्राइवर के नशे में धुत होने के कारण सुरक्षा दस्ता की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी।

## विषाक्त पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ी

**तालबेहट( ललितपुर )।** थाना पूराकला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा मे युवक अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और वह अचेत अवस्था में पहुंच गया। आनन फानन में युवक को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तालबेहट तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना पूरा कला के ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी वृंदावन 22 वर्ष पुत्र हरिलाल सहरिया ने अज्ञात कारणो के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।

# एक दर्जन दबंगों ने माँ-बेटी की बेरहमी से की मारपीट, शरीर में कई जगह चोटों के निशान

- शिकायती पत्र देकर सुरक्षा के आश्वासन पर घर पहुंची ही थी मां-बेटी
- पड़ोसियों ने गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती
- पुराने मामले में तारीख पर गई मां बेटी से की अभद्रता की शिकायत पर आक्रोशित विपक्षियों ने दिया घटना को अंजाम
- आखों के साथ गुप्त अंगों में मिर्ची झोंकने का आरोप, आठ के खिलाफ मामला दर्ज





**ललितपुर।** मोहल्ले की कुछ लोगों ने एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था, जिसका मामला चार आरोपियों के विरुद्ध पंजीकृत होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। इस मामले की तारीख पर न्यायालय गई मां बेटी के साथ जमानत पर छूटे उन्हें दबंगों ने सरयम न्यायालय परिसर में अभद्रता की और जब मां बेटी ने इस घटना की शिकायत सदर कोतवाली पुलिस की, तो आक्रोशित दबंगों ने उनके घर पहुंचते ही उन पर कहर बरपा दिया। दबंग महिला पुरुषों ने मां बेटी के घर में घुसकर उनके साथ कई गलौज करते हुए सरेआम लाठी डंडों से मारपीट की। यहां तक कि उनकी आंखों के साथ-साथ उनके गुप्तांगों में मिर्ची पाउडर छिड़क दिया और जमकर कहर बरपाया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास की लोग जब तक दौड कर उन्हें बचाने आए, तब तक दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से मां बेटी को तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां पीड़ित किशोरी ने दबंग के कहर की दास्तान सुनाई और मामले में राजनामा ना करने पर घटना को अंजाम देने का कारण बताया। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत करने के बाद मां बेटी को पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराने का आश्वासन देकर घर भेजा था। लेकिन पुलिस की सुरक्षा पहुंचने से पहले ही दबंग घर पहुंच गए और उन्होंने वहां पर कहर बरपा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला जुगपुरा निवासी महिला अपनी बेटी को लेकर पुराने विचाराधीन चल रहे मामले की तारीख करने के लिए बुधवार को न्यायालय गई हुई थी। तारीख निपटने के बाद जैसी ही मां बेटी न्यायालय से वापस लौट रही थी तभी विपक्षी दबंगों ने न्यायालय परिसर में ही मां बेटी को दबोच लिया और उनके साथ सरेआम जमकर अभद्रता करते हुए मामले में राजीनामा करने का दावा बनाया और राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट पर आमादा हो गए। जैसे तैसे मां बेटी जान बचाकर वहां से भाग निकली। इसके बाद गुरुवार को मां बेटी उक्त मामले की शिकायत करने सदर कोतवाली पहुंची जहां उन्होंने दबंग विपक्षियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया और मामले में कार्यवाही की मांग उठाई इसके साथ ही उन्होंने दबंग से अपनी जान का खतरा भी जताया। आरोप है की बेटी से हुई छेड़छाड़ के मामले में मोहल्ला जुगपुरा निवासी बसंत, सुरेंद्र दीपक और गरीबदास के खिलाफ मामला पंजीकृत कराया गया था और यही मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा था जिसको लेकर उक्त दबंग जमानत पर छूटे थे और मामले में राजीनामा करने का डरा धमका कर अनेक तक दबाव भी बना रहे हैं। शिकायती पत्र देने के बाद मां बेटी घर नहीं जा रही थी तो सदर कोतवाली पुलिस ने उन्हें समुचित सुरक्षा मुहैया करने का आश्वासन दिया और दबंग से रक्षा करने की बात भी की। लेकिन उन्हें क्या पता था कि सदर कोतवाली पुलिस सिर्फ वादे करती है उन पर अमल नहीं करती। शिकायती पत्र देने के बाद जैसे ही मां बेटी अपने घर पहुंची वैसे ही मोहल्ले के करीब एक दर्जन महिला पुरुष लाठी डंडे लेकर पीड़िता के घर आज हम की और सारे हम गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर जमकर उपग्रह मचाया और मां बेटी के साथ मारपीट करते हुए सरिया और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान दबंग वाली मां बेटी को जमकर पीटा और जब बुजुर्ग महिला बेसुध हो गई, तो उन्होंने बेटी के साथ अश्लीलता करना शुरू कर दिया। बेटी का आरोप है कि दबंगों ने उसकी आंखों में मिर्ची झोंक दी और उसके नाजुक अंगों और गुप्तांगो में मिर्ची का पाउडर भरकर उसे ऐसा ही तड़पता छोड़ दिया। इस दौरान दबंग धाम की भी दे गए कि यदि मामले में राजी नाम नहीं किया तो दोनों मां बेटी को जान से मार देंगे। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके परिजन और अनपढ़ोशी मौके पर पहुंचे जहां से गंभीर हालत में आना उठाकर तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है इलाज के दौरान मां बेटी ने अपने साथ हुए घटनाक्रम की जानकारी दी और उक्त घटना के संबंध में पुनः सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र भी दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित परिवार द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आठ आरोपियों के खिलाफ 147 323 504 506 325 427 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### इनका कहना है



इस मामले में क्षेत्राधिकार सदर अभय नारायण राय का कहना है कि मुहल्ला जुगपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया था। घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उठाकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां घायल मां बेटी का इलाज किया गया और दिए गए शिकायती पत्र पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया।

### यदि समय पर सुरक्षा मुहैया कराई होती तो ना घटती यह घटना

*पीड़ित परिवार का आरोप है कि जब वह शिकायती पत्र देने के लिए सदर कोतवाली पुलिस के समक्ष उपस्थित हुई थी और उन्होंने दबंग से अपनी जान का खतरा बताया था, तो सदर कोतवाली पुलिस ने उन्हें पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था और घर भेज दिया था। लेकिन सदर कोतवाली पुलिस की लचर कार्य प्रणाली के चलते उन्हें सुरक्षा व्यवस्था तो उपलब्ध नहीं कराई गई, बल्कि जब इस बात की जानकारी दबंगों को हुई, तो वह अपने हाथों में लाठी डंडे कुल्हाड़ी सरिया लेकर उसके घर पहुंचे और उनके साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया तथा मार-मार कर उन्हें मरनासन्न स्थिति में पहुंचा दिया। यदि सदर कोतवाली पुलिस ने समय पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई होती, तो शायद यह घटना ना घटती।*

# मानव जीवन में श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण में संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका : आर्यिका सृष्टिभूषण

- नगर में हुई आर्यिका संघ की भव्य अगवानी, मंदिर परिसर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का हुआ शुभारम्भ

**ललितपुर।** संस्कार मानव व्यक्ति के श्रेष्ठ संतुलित व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में संस्कारों का स्वरूप अवश्य ही बदला है किन्तु संस्कार अपने आदशो और श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों एवं विश्वास के कारण आज भी उतने प्रासंगिक हैं जितने कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में थे। संस्कारो को चरित्र निर्माण का प्रमुख आधार बताते हुए जीवन को संस्कारित बनाने पर बल दिया। उक्त विचार पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर मे जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माता ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा मानव जीवन वहुमूल्य है इसे सार्थक बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री सुमतिसागर महाराज, आचार्य श्रेष्ठ श्री विद्यासागर महाराज, आचार्य श्री वर्द्धमान सागर महाराज विद्याभूषण सन्मतिसागर महाराज एवं सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रेष्ठी जनों ने किया। जवकि मंगलाचरण ज्योति जैन ने कर गुरूभक्ति कर आर्यिका का वंदन किया। समाजश्रेष्ठी आर्यिका श्री के ग्रहस्थ जीवन के परिजन सुरेन्द्र जैन कल्लू भैया इन्दौर, राजेश जैन पंचोलिया इन्दौर, निधि जैन मुकेश जैन दिल्ली सुषमा जेन भोपाल, खुशबू मोदी को दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत जैन खजुरिया, मनोज जैन बबीना, कैप्टन राजकुमार जैन अक्षय अलया ढा0 सुनील जैन संचय, अमित जैन सर्राफ धन्यकुमार जैन एड द्वारा सम्मानित किया गया। धर्मसभा को आर्यिका विश्वयश श्री माता जी ने सम्बोधित करते हुए कहा मुश्किल से मिले मनुष्य जीवन में छोटे छोटे नियम लेकर इन संस्कार शिविरों के माध्यम से जीवन का निर्माण करने की प्रेरणा दी। आर्यिका श्री को बानपुर समाज के अध्यक्ष महेन्द्र नायक, अरूण जैन प्रमोद जैन बडामलहरा के अतिरिक्त समाज श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा,संजीव जैन ममता स्पोर्ट,संजीव सौरया, सन्मति सराफ विकास सौरई, प्रफुल्ल जैन, भगवानदास कैलगुवा, विनोद कामरा, अंकुर जैन शानू बाबा, चंदन सिंघई, अनुराग जैन सागर जैन राजीव जैन खजरा ने आर्यिका श्री को श्रीफल अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन सांगानेर विद्वान सतीश शास्त्री राजेश राही ने करते हुए 10 दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिविरों की भूमिका बताई और पुर्ण्याजक परिवारों द्वारा मंगल कलश की स्थापना कराई। इसके पूर्व आज प्रात:काल जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी एवं आर्यिका विश्वयश माता जी ससंघ का ग्राम विरारी स्वर्णिम विद्या धाम से मंगल विहार ललितपुर के लिए हुआ आर्यिका संघ के विरारी से रजवारा पनारी होते हुए ज्यो ज्यो ललितपुर की ओर कदम वढे श्रावकों ने वहुताय संख्या में पहुचकर आर्यिका श्री के दर्शन कर पुर्ण्याजन किया। कैलगुवा तिराहे पर भव्य शोभायात्रा गाजे वाजे के साथ निकली जिसमें महिलाए मंगल कलश लिए हुए चल रही थी जिसको अनुशासित करने में दिगम्बर जैन महिला मण्डल, प्रतिभास्थली मण्डल, विद्यापूजा मण्डल, साधू वैयावृत्ति मण्डल, महिला मण्डल बडा मंदिर डोढाघ्ञाट नंदा सुनंदा महिला मण्डल सहित नगर के महिला मण्डल सक्रिय रहे। आर्यिका संघ का पदार्पण दिगम्बर जैन एम्ब्रोशिया मंदिर हुआ जहां आर्यिकाश्री के मुखारविन्द से शान्तिधारा का श्रावकों ने पुर्ण्याजन किया। इसके उपरान्त आर्यिका श्री के सानिध्य में वाहुवलिनगर में प्रभु अभिषेक शान्तिधारा हुई इस दौरान आर्यिका श्री को श्रावकों ने श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। सायंकाल आर्यिका संघ के सानिध्य में प्रभु भक्ति में श्रावक सम्मलित हुए और भक्ति का आनंद लिया। शोभायात्रा



प्रभावना पूर्वक सावरकर चैक से जैन अटामंदिर पहुची जहां आर्यिका संघ के माध्यम से अपूर्व धर्मप्रभावना हो रही है।

**जैन मंदिरों में विद्वानों ने संभाली शिविर की कमान**

निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से जिले में श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का शुभारम्भ हुआ जिसके लिए नगर के अटामंदिर में राजेश जैन भगवा, सचिन जैन, अरिहंत जैन , नया मंदिर में प्राशु जैन अर्चित जैन, वाहुवलि नगर कालौनी में अनुज जैन सागर अतिशय जैन परसारिया, एम्ब्रोशिया कालौनी में अरिहंत जैन, अभिनंदनोदय तीर्थ में आलोक मोदी अभिषेक जैन मैनवार, डोंड़ाघाट में आकाश जैन मंथन जैन, आदिनाथ मंदिर नईवस्ती में मनीश जैन, शान्तिनाथ मंदिर नईवस्ती में नयन जैन पीयूश जैन, सिविल लाइन मंदिर में आदीश जैन टेहरका, अनिकेत जैन रमगढा,बडा मंदिर में पिन्रंस जैन लार गौरव जैन सोपान द्वारा धार्मिक शिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के संचालन में मंदिर प्रबंधकों द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

# तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की हुई मौत

- आधार कार्ड से मृतक की हुई पहचान
- काम निपटाकर देर रात्रि घर लौटते समय हुआ सड़क हादसे का शिकार

**ललितपुर।** जिला मुख्यालय से राजघाट की तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थित कालापहाड़ के पास बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायल ग्रामीण को तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां टेन डॉक्टर ने डाक्टरी परीक्षण में उसे मृतक घोषित कर दिया। जब मृतक के कपड़ों की तलाशी ली तो उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई जिसके बाद उक्त घटना की सूचना उसके परिजनों को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर उसकी शिनाख्त कराई और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया।

ग्राम कालापहाड़ के निकट बुधवार की रात 9ः30 के करीब एक 45 वर्षीय युवक लहू लुहान घायल अवस्था में पड़ा पाया गया और उसके पास में उसकी क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी मिली। राहगीरों की मदद से सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने डॉक्टरी परीक्षण के बाद घायल को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान उसके कपड़ों की तलाशी ली गई तो मृतक के पास आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान 45 बर्षीय प्रकाश पुत्र चिमन निवासी थनवारा के रूप हुई। इसके बाद पुलिस की मदद से मृतक के परिजनों को उसकी मौत की सूचना भेजी गई। बताया गया है कि मृतक बुधवार को अपने काम से राजघाट गया था और वहां अपनी बाइक से रात्रि में अपने घर वापस आ रहा था, अभी गांव के पास पहुंचा ही था, कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे स्थानीय राहगीरों ने तत्काल उक्त घटना की 108 एंबुलेंस को सूचना देकर उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां इस मृतक घोषित कर दिया गया। बताया गया है कि मृतक छे भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था और उसके दो बच्चे हैं जिनमें एक पुत्र और एक पुत्री शामिल है यह जानकारी उसके भाई राकेश ने दी।

# टैक्सी पलटने से एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल

- आवारा मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर टैक्सी पलटने से हुआ सड़क हादसा
- रिश्तेदार की तरहवीं में शामिल होकर घर लौटते समय एक ही परिवार के सदस्य हुए सड़क हादसे का शिकार
- इस सड़क हादसे में जनपद में संचालित होने वाली गौशालाओं और उनकी देखरेख करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की खोली पोल



**ललितपुर।** सागर नेशनल हाईवे 44 पर स्थित ग्राम भैंसाई के पास तेज रफ्तार टैक्सी सड़क पर घूम रही आवारा जानवरों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में टैक्सी में सवार एक तीन वर्षी मासूम बच्ची सहित आधा दर्जन से अधिक एक ही परिवार के सदस्य घायल हुए। दुर्घटना के बाद वहां से निकल रहे रहागिरों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। जहां से एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया और शेष सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज किया गया। क्योंकि यह दुर्घटना हाईवे पर टहल रहे आवारा मवेशियों को बचाने के चक्कर में हुई, जिससे जनपद में संचालित होने वाली गौशालाओं और उनकी देखरेख में लगे जिम्मेदार अधिकारियों की लचर कार्य प्रणाली पर भी सवाल यह निशान खड़ा होता है। क्योंकि प्रदेश सरकार की मुखिया योगी आदित्यनाथ लगातार यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने पूरे प्रदेश में स्थाई और अस्थाई गौशालाओं का संचालन सरकारी धन से करवाया है, जहां पर सभी आवारा मवेशियों को संरक्षित किया जा रहा है, और अधिकारी भी लगातार दावा कर रहे हैं कि सड़कों पर कोई आवारा मवेशी नहीं है। मवेशियों की देखरेख के लिए शासन द्वारा एक बड़े पैमाने पर धनराशि की भी व्यवस्था है और यदि शासन द्वारा भेजे जाने वाली धनराशि मवेशियों की देखरेख में खर्च हो रही है, तो फिर सवाल यह पैदा होता है कि साहब जब आवारा गोवंश गौशाला में संरक्षित हैँ, तो फिर यह आवारा मवेशी सड़कों पर कैसे टहल रहे हैं।

हाइबे के ग्राम भैंसाई के निकट बुधवार कि रात्रि करीब 9 बजे सडक़ पर चहल कदमी कर रहे आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में एक टैक्सी उस समय पलट गई, जब उसमें सवार होकर आधा दर्जन से अधिक लोग अपने अपनी रिश्तेदारी के यहां तरहवीं में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे। जानवरों को बचाने के चक्कर में अचानक असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें टैक्सी में सवार 36 वर्षीय विमलेश पत्नी राजपाल सिंह, 50 वर्षीय अजय कुमार, 55 वर्षीय अतल राजा पत्नी महरवान, 30 वर्षीय आरती राजा पत्नी अरविन्द, 6 वर्षीय गौरी पुत्री अरविन्द्र निवासी आरएमवी कालोनी, 19 वर्षीय शिवप्रताप पुत्र राजाराम निवासी पन्ना के अलावा 35 वर्षीय झांसी दीप्ति राजा व उसकी मां घायल हो गई। आनन फ़ानन में वहां से निकल रहे राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को बुलाकर सभी घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां किए गए उपचार के बाद दीप्ती राजा की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रेफर कर दिया गया और कुछ घायलों को टोटल होने के बाद प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने की इजाजत दी गई और कुछ घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय में ही इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। घायलों ने बताया कि वह लोग अपनी एक रिश्तेदार कि यहां आयोजित तेरहवीं में शामिल होने के लिए टैक्सी में सवार होकर थाना नाराहट के ग्राम इमलिया में गये हुए थे और वहां से लौटते समय हादसा हो गया।

**हाई प्रोफ़ाइल पाली थाना रेप कांड**

# सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने पर दुष्कर्म के आरोपी इंस्पेक्टर ने कोर्ट में किया सरेंडर

- उक्त प्रकरण में पूरे पाली थाने पर हुई थी कार्यवाही
- नाबालिग किशोरी के साथ थाने के अंदर दुष्कर्म करने के लगे थे आरोप

***ललितपुर।*** *जनपद के हाई प्रोफाइल थाना पाली रेप कांड में हाई कोर्ट से जमानत पर रिहा हुए आरोपी इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज की जमानत पर माननीय उच्चतम न्यायालय ने रोक लगाकर खारिज कर दिया था। इसके बाद आरोपी इंस्पेक्टर ने जनपद न्यायालय के पासको कोर्ट में सरेंडर किया जहां से उसेजेल भेज दिया गया। बतातें चलें कि गत 22 अप्रैल वर्ष 2022 को थाना पाली में इंस्पेक्टर द्वारा नाबालिग किशोरी के साथ थाने में दुष्कर्म की घटना देश में चर्चा का विषय बन गयी थी। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा हुये इंस्पेक्टर के मामले में समाजसेवी संस्था ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद इंस्पेक्टर की मुसीवत बढ़ गयी थी। गुरूवार को आरोपित इंस्पेक्टर ने पॉक्सों कोर्ट ने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने आरोपित पुलिस कर्मी को जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में जनपद में जनता की सुरक्षा का दम भरने वाले पाली थाना प्रभारी निरीक्षक तिलकधारी सरोज पर नाबालिग किशोरी के साथ थाना परिसर में स्थित एक आवास में दुष्कर्म करने के आरोप लगाये गये थे। मामला प्रदेश ही देश स्तर पर चर्चा का विषय बन गया था। तत्कालीन थाना प्रभारी सहित अन्य आरोपितों पर गैंगरेप सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश किये थे। तो वही घटना के बाद तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक को जनपद पुलिस ने प्रयागराज से गिरतार कर जेल भेज दिया था। थाने में हुई घटना के बाद पाली थाने में तैनात सभी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही अमल में लायी गयी थी।*

*उक्त मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद इंस्पेक्टर जेल से रिहा हुये थे।*

# अब सदर बाजार में हुआ आग का ताण्डव, कपड़ों के शो-रूम व स्पोर्ट्स की दुकान में भीषण अग्निकाण्ड

- दमकल विभाग के साथ सेना को संभालना पड़ गया मोर्चा
- घंटों कड़ी मशक्कत के बाद पाया जा सका आग पर काबू
- एसी में हुआ शार्ट सर्किट बताया जा रहा आग का कारण
- लाखों की क्षति होने का अनुमान





झांसी(विश्व परिवार)। झांसी में गुरूवार को सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित कपड़े के एक शोरूम और स्पोर्ट्स की दुकान में भीषण आग लग गयी, जिसमें लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।
झांसी इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और यहां पिछले दो दिनों में पारा 46 और 47 डिग्री के पार चला गया है। प्रचंड गर्मी के कारण आये दिन कभी मकान, तो कभी दुकान में आग की सूचनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बताया जा रहा है कि आज दोपहर में कपड़े के शो रूप में एसी में शॉट सर्किट के कारण आग लग गयी। अचानक लगी आग ने कुछ ही समय में भीषण रूप लेते हुए पास की ही स्पोर्ट्स की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। महानगर के पॉश इलाके सदर में ऊंची ऊंची आग की लपटें उठती देख इलाके में अफरातफरी मच गयी। आनन फानन में फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गयी। दमकल की गाडियां तुरंत मौके की ओर दौडी । दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाने का काम शुरू किया । आग की विकरालता को देखते हुए सेना की टीम भी मौके पर उतरी।
इलाके में लगातार दमकल गाडियों के सायरन बजते रहे और गाडियां पानी लेने और फिर मौके पर पहुंचने के लिए इलाके में दौडती नजर आयी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कपडे और स्पोर्ट्स की दुकान में रखा लाखों का माल जलकर स्वाहा हो गया। इस भीषण आग की घटना का कारण एसी में शॉट सर्किट बताया जा रहा है।
जानकारी के मुताबिक सदर बाजार के पेट्रोल पम्प के पास रहने वाले काका का सदर बाजार मैन मार्किट में डब्लू डब्लू फैशन बिड़ला ग्रुप का कपड़ो का शोरूम बना है। प्रतिदिन की तरह आज सुबह जैसे वह कर्मचारी ने शोरूम का शटर उठाया, तभी कुछ देर में धुआं धुआं होने लगा और आग में तब्दील होकर भीषण आग फैल गई। आग को बेकाबू होते देख दुकान कर्मचारी और बाजार के राहगीर भागने लगे। तभी आग पड़ोस में बने पंचू अग्रवाल की स्पोर्ट्स की दुकान में पहुंच गई। बेकाबू आग ने दोनो दुकानों में रखा लाखो कीमत के माल को जलकर राख कर दिया।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा-संवेदनहीन हो गया है बिजली विभाग

*झांसी(विश्व परिवार)। पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य सदर बाजार में दुकान में आग लग जाने का समाचार सुनते ही घटना स्थल पर पहुँचे। उन्होंने मुख्य अभियन्ता विद्युत विभाग से बात की और चिन्ता जताई कि झांसी में यह ग्यारहवॉ बड़ा अग्नि काण्ड हुआ है, यह स्थिति भयावह है। झांसी में हुए इन बड़े अग्नि काण्डों में करोडों की सम्पत्ति जल कर राख हो गयी और जनहानियां भी हुई। उन्होंने कहा कि बार-बार बिजली जाने और आने के कारण बहुत अधिक स्पार्किंग हो रही है। बिजली जाकर जब आती है, तो घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में बहुत ज़ोर से स्पार्किंग होती है, फलस्वरूप आग लग जाती है। उन्होंने मुख्य अभियन्ता विद्युत विभाग से कहा कि बिजली के बार-बार आने जाने को रोका जाए। प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए विद्युत विभाग को सुरक्षात्मक क़दम उठाने की भी आवश्यकता है। उन्होंने अघोषित बिजली कटौती पर भी चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की संवेदनहीनता चिंता का विषय बनती जा रही है।*
*इस मौके पर अफ़ज़ाल हुसैन, अनिल रिछारिया, राजेश सोनी उपस्थित रहे।*

# मंगलायन विश्वविद्यालय, जबलपुर के 75 विद्यार्थियों ने कृषि विश्वविद्यालय झांसी का किया शैक्षणिक भ्रमण



झांसी(विश्व परिवार)। मंगलयान विश्वविद्यालय, जबलपुर के बीएससी कृषि तृतीय वर्ष के 75 विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी का शैक्षणिक भ्रमण किया।
जबलपुर विवि के अधिष्ठाता कृषि डॉ. सुरेश तिवारी और डॉ. प्रियंका (सहायक प्रोफेसर) के साथ रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी परिसर का दौरा किया। इस दौरान अधिष्ठाता कृषि रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय डॉ. आरके सिंह, ने विद्यार्थियों के साथ बातचीत की और विश्वविद्यालय झांसी में चल रहे फसल सुधार कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने इन कार्यक्रमों में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न आधुनिक आनुवंशिक विधियो के बारे में भी विस्तार से बताया। डॉ. कुलेश्वर प्रसाद साहू पूरे भ्रमण के दौरान छात्रों के साथ रहे और विश्वविद्यालय में चल रही गतिविधियो के बारे मे चर्चा की। छात्रों ने विवि में आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं के बारे मे जानकारी हासिल कि और परिसर में संरक्षित खेती सुविधा, ड्रैगन फ्रूट-स्ट्रॉबेरी इंटरक्रॉपिंग सिस्टम और फलों के बगीचे का दौरा किया। विद्यार्थियों को मधुमक्खी सलाहकार डॉक्टर हरिचंद एवं डॉ योगेन्द्र मिश्रा ने मधुमक्खी प्रक्षेत्र का भी भ्रमण कराया। इस पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने उच्च कृषि शिक्षा के बारे मे भी जानकारी हासिल की।

# नहीं मिली नौकरी तो युवक ने कर लिया सुइसाइड



झांसी(विश्व परिवार)। नौकरी न मिलने से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर सुइसाइड कर लिया है। उसका शव शौचालय में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
मृतक 35 वर्षीय प्रवेश प्रजापति पुत्र कामता प्रसाद था। वह मध्य प्रदेश में दतिया जिले के भांडेर थानान्तर्गत सैंतोल गांव का रहने वाला था। परिजनो के मुताबिक उसके दो बच्चे हैं। एमबीए करने के बाद वह रोजगार की तलाश कर रहा था। काफी प्रयास के बाद जब उसे नौकरी नहीं मिली तो वह परेशान रहने लगा।
रोज की तरह आज सुबह वह शौचालय गया हुआ था। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो पिता ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। शक होने पर जब दरबाजा तोड़ा तो वह अंदर पड़ा हुआ था और उसके गले में बिजली केबिल बंधी हुई थी। जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसने शौचालय में फांसी लगा ली। वजन अधिक होने के कारण वह टूट गई और नीचे गिर गया। आनन-फानन में उसे शौचालय से बाहर निकाला गया। इसके बाद झांसी मेडिकल कालेज ले आए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गठबंधन प्रत्याशी को जीत की अग्रिम बधाई देने पहुंचे समर्थक



झांसी(विश्व परिवार)। लोकसभा चुनाव-2024 के झांसी ललितपुर सीट से कांग्रेस पार्टी/इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को उनके निवास पर जाकर समर्थकों ने अग्रिम बधाई दी। समर्थकों ने कहा कि उनकी लाखों वोटों से जीत होना निश्चित है, यह बात कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए फीडबैक से सामने आ रही है।
प्रदीप जैन आदित्य ने चुनाव में सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने दिन रात जीतोड़ मेहनत करके अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह बुंदेला, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह पारीछा, यादव समाज के जिलाध्यक्ष भवानी सिंह यादव, ज्योतिषाचार्य पंडित महंत राम प्रपंच एवं अमित यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हलवाई ने फांसी लगाकर दी जान

महोबा। हलवाई ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर को सूना पाकर फांसी का फंदा बना उस पर झूलकर अपनी जान गवां दी। जब परिजनों ने हलबाई को फांसी के फन्दे से लटकता देख तो उनके होश उड गये। उन्होने तत्काल हलवाई को फांसी के फन्दे से उतार उसे जीवित समझ उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। हलबाई की मौत की सूचना सूचना ही उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यालय के बिच्छू पहाड़िया कांशीराम कॉलोनी निवासी सुभाष पटेल 25 वर्ष शहर के प्राइवेट बस स्टैंड के पास एक दुकान में हलवाई का काम करता था। गुरुवार की सुबह उसकी मां पूजा करने मन्दिर गयी हुई थी, जब वह पुजा करने के बाद घर वापिस आयी तो कमरे का दरवाजा बन्द था। उसने दरवाजा खटखटाया तो अन्दर से कोई आवाज नही आयी। तब उसकी मां ने शोर मचाया, तो उनकी आवाज सुनकर कॉलोनी के कई लोग वहां पहुंच गए और उन्होने अन्दर से कोई आवाज न आने पर दरवाजे को तोडा और अन्दर जाकर देखा तो हलवाई फांसी के फन्दे से लटक रहा था। यह देख हलवाई के परिजनों व पडोसियों के होश उड गये। उन्होने तत्काल युवक को फांसी के फन्दे से उतारा और उसे जीवित समझ उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका की मां ने बताया कि उसका पुत्र अविवाहित था। उसके पिता रामनरेश पटेल की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। बड़ा भाई संजय पटेल बंगलौर में एक कंपनी में काम करता है। घटना से मां व बहन रेखा का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। वही कोतवाली प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही है। मृतक का मोबाइल भी चेक किया गया है, लेकिन आत्महत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना का खुलाशा हो सकेगा।

# ट्रैक्टर से गिरने से युवक की मौत

झांसी(विश्व परिवार)। जनपद जालौन की ओर जा रहे ट्रैक्टर से एक युवक नीचे गिरकर कुचल गयां, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और कार्यवाही शुरु कर दी।
मृतक करीब 26 वर्षीय दीपक प्रजापति पुत्र रामरस है। वह जनपद में झांसी में सीपरी बाजार के कोटखेरा गांव का रहने वाला था। उसका डेढ़ वर्षीय बेटा है। वह मजदूरी करता था और ट्रैक्टर पर चलता था। झांसी से एफेक्स भरकर ट्रैक्टर से जालौन के उरई की जा रहा था। अभी वह सेमरी टोल प्लाजा के पास पहुंचा, तभी अचानक ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिर गया और पहिए के नीचे आ गया। आनन-फानन में इलाज के लिए उसे झांसी मेडिकल कालेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# श्रामधुन के साथ गुरु गोरखनाथ की परिक्रमा सम्पन्न

महोबा। गुरूगोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वाधान में वैशीखी पूर्णिमा पर ऐतिहासिक गुरूगोरखनाथ पर्वत की परिक्रमा श्रंद्धा भक्ति रामधुन के साथ सम्पन्न हुई। परिक्रमा शिवताण्डव मन्दिर से प्रारम्भ हुई जो पठवा के बाल हनुमान मन्दिर, राम जानकी मन्दिर, कबीर आश्रम, बाबा फीरोज शाह की दरगाह, राम दरबार मन्दिर, काली माता छोटी चन्द्रिका मन्दिर से पुलिस लाइन रोड होते हुये नागौरिया मन्दिर, कालभैरव मन्दिर से शिवतान्डव मे आकर सम्पन्न हुई। तदपश्चात शिवतान्डव मन्दिर मे भजन पूजन व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन हुआं।



इस दौरान परिक्रमा समिति प्रमुख पूर्व प्रवक्ता डॉ0 एल सी अनुरागी ने कहा कि राम नाम ही जीवन का आधार है। राम नाम हर मर्ज की दवा है। उन्होने तुलसीकृत पंक्तियॉ राम नाम काम तरू देत फल चारि रे, कहत पुरान, बेद, पंडित, पुरारि रे।। राम नाम प्रेम-परमारथ सार रे, राम नाम तुलसी को जीवन आधार रे। यह पक्तियों ने उपस्थित सभी भक्तगणो को भाव विभोर कर दिया। पं0 अवधेश तिवारी ने श्रीमद्भगवद गीता के 18 अध्याय के श्लोक सं0 62 की व्याख्या करते हुये कहा कि परमात्मा की शरण में जाने से साभी मनोरथ पूर्ण होते है। तमेव शरंण गच्छ सर्वभोवन भारत। साध्वी सुनीता अनुरागी ने कहा कि वाल्मीकि भगवान राम के आर्दश चरित्र ससे सम्बधिंत श्लोक सुनाये। इस मौके पर आशीष पुरवार, गौरीशंकर कोष्ठा, राकेश, सिजहरी से आये विनोद, पं0 हरीशंकर नायक, हरप्रसाद, जगदीश चन्द्र अनुरागी, संतोष, ओमप्रकाश साहू, परशुराम अनुरागी, चन्द्रभान श्रीवास, बहादुर अनुरागी, अध्यापक छेदालाल चौरसिया, अजीत सहित दर्जनो भक्तगण मौजूद रहे। परिक्रमा के बाद प्रसाद वितरण हुआ एवं गुरू गोरखनाथ के जयकारे लगाये गये।

# कॉलोनी में काम कर रहे मजदूर की संदिग्ध मौत, रेलवे लाइन पर मिला शव, सिर में मिले चोट के निशान

झांसी(विश्व परिवार)। स्वास्तिक कालौनी में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। उसका शव रेलवे लाइन पर मिला, उसकी मौत कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका। फिलहाल उसके सिर और शरीर में चोटों के निशान बताए जा रहे है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरु कर दी। मृतक करीब 35 वर्षीय मोगल खान पुत्र हसामु खां है। वह बिहार के ग्राम दरियापुर संग्रामपुर का रहने वाला था। उसके दो बेटे और दो बेटियां है। मजदूरी कर अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। चचेरे भाई के अनुसार वर्तमान में मोगल खान झांसी की स्वास्तिक कालोनी में मजूदरी करता था। विगत दिवस उसकी छुट्टी थी, सुबह से ही वह गायब हो गया। शाम को नजर न आने पर उसकी खोजबीन की गई। अभी खोजबीन चल ही रही थी कि गुरुवार की सुबह जानकारी हुई कि रेलवे लाइन क्रासिंग के पास सड़क किनारे उसका शव पड़ा हुआ है।

# मतदान करने के लिये निकला लापता युवक की नदी में उतराती मिली लाश



झांसी(विश्व परिवार)। झांसी की उर नदी में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। इसके बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
जनपद के मऊरानीपुर थानान्तर्गत ग्राम कदौरा से निकली उर नदी में एक युवक के शव को तैरते हुए देखा गया। इसकी सूचना थाने की पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। इसके बाद उसकी शिनाख्त कराई। मृतक की सौरभ अहिरवार निवासी मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के रुपए में शिनाख्त हुई। वह 20 मई को मतदान करने के लिए निकला था। तभी वह लापता चल रहा था। उसकी मौत कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत



झांसी(विश्व परिवार)। चलती ट्रेन से गिरकर युवक युवक की मौत हो गई। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गोवा से बिहार अपने घर जा रहा था। वह ट्रेन से कैसे गिरा, यह रहस्य बना हुआ है। पत्नी की माने तो मृतक ने मरने से पहले अपने साथियों के साथ झांसी में मछली और चावल लेने गए थे। इसके बाद ट्रेन में अजीब हरकतें करने लगे थे।
मृतक करीब 30 वर्षीय रोहित शाह पुत्र कृष्णानंद था। वह बिहार में गोपालगंज जिले के भुसाव थाना ताहे का रहने वाला बताया गया। उसके दो बच्चे हैं। पिता के अनुसार वह पत्नी और बच्चों के साथ गोवा में रहता है और वहीं मजदूरी करता था। पिछले दिनों वह पत्नी सीमा और दोनों बच्चों को लेकर गोवा से बिहार से निकले था। जिसके लिए वह गोवा से झांसी ट्रेन से आया। झांसी से छपरा एक्सप्रेस का टिकट लेकर परिवार के साथ बैठ गया। उनके साथ दो साथी भी थे। जिनके साथ उसने झांसी में मछली और चावल लेने गया था। ट्रेन झांसी से निकलने के बाद चिरगांव की ओर बढ़ती, तभी रोहित चलती गाड़ी से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही उसने परिवार के सदस्यों को बताया। वह झांसी पहुंचे और उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे अपने साथ ले गए।

# पति सहित पांच ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला आजादपुर में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति सहित पांच ससुराली जनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने सभी ससुराली जनों की अतिरिक्त दहेज की मांग करने का विरोध किया, तो उन्होंने गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। ससुरालियों के उत्पीड़न के चलते वह अपना ससुराल छोड़कर अपने मायके अपने पिता के घर आकर रहने लगी।
मोहल्ला आजादपुर निवासी श्रीमती अंजलि राजा पत्नी प्रवेन्द्र सिंह ने महिला थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके पिता ने उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार यथाशक्ति दान दहेज देकर समीपवर्ती मध्य प्रदेश के जनपद टीकमगढ़ अंतर्गत गजानंदपुरम चकरा निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र प्रवेंद्र सिंह से संपन्न कराई थी। लेकिन शादी के बाद से ही उसका पति और अन्य ससुराली जन उसे अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहते थे। इस अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर कई बार मारपीट कर उसका उत्पीड़न किया गया और मांग पूरी न होने की दिशा में जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस दौरान कई बार दहेज प्रताडना देकर उसके साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की भी धमकी दी गई। हालांकि उसके पिता ने से मध्यस्थ तथा कराई, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो वह अपना ससुराल छोड़कर अपने मायके में आकर रहने लगी। महिला थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पति सहित पांचो नामजद आरोपियों के खिलाफ 498ए 323 504 506 तथा 3/4 डीपी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

